नई सोच, नया आयाम

जोहार छत्तीसगढ़

RNI No. CHHHIN/2009/35020

दैनिक हिन्दी

◆ वर्ष: -15 ◆ अंक: 298 डाक पंजीयन 030/रायगढ़/2015-2017 ◆ मूल्य: 3 ₹ ◆ पृष्ठ : 8

धरमजयगढ़, गुरुवार 24 अगस्त 2023

JOHAR CHHATTISGARH epaper for login www.joharchhattisgarh.in

पेज -4 पर चंद्रयान-3 की लैंडिंग को लेकर डेमो के माध्यम से स्कूल ....

तीन दिन सामूहिक हड़ताल में शामिल होने प्लेसमेंट कर्मचारियों ने सौंपा ... पेज -8 पर

चांद पर बजा भारत का डंका, चंद्रयान-3 पहुंचा चंद्रमा पर

श्रीहरिकोटा/नई दिल्ली। भारत का चंद्रयान-3 सफलता पूर्वक चांद पर पहुंच गया है। लैंडर विक्रम के चांद की धतरी पर उतरते ही भारत के अंतरिक्ष विज्ञान में एक नया इतिहास रच दिया। चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर उतरने वाली भारत दुनिया का पहला देश बन गया है।

अब से करीब 4 घंटे बाद लैंडर विक्रम से निकलकर रोवर प्रज्ञान चांद की जमीन पर इसरों के निशान बनाकर भारत की इस सफलता को यादगार बना देगा। लैंडर विक्रम ने भारतीय समय अनुसार शाम ठीक 6 बजकर 4 मिनट पर चांद की धतरी पर सॉफ्ट लैंडिंग की। चंद्रयान-3 की सफलता पर पूरे देश में जश?न का माहौल है। राष्ट्रपति द्रौपति मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारतीय अंतरिक्ष एजेंसी ISRO के वैज्ञानिकों को बधाई दी है। भारत की इस सफलता पर दुनिया के दूसरे देशों से भी इसरो के वैज्ञानिकों को लगातार बधाई मिल रही है। भारत के इस मिशन पर पूरी दुनिया की निगाहें लगी हुई है। वजह यह है कि अब तक कोई भी देश चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर नहीं पहुंच पाया है। पिछले सप्ताह रूस ने अपने चंद्र मिशन लूना-25 से यहां पहुंचने की कोशिश की



लेकिन वह क्रैश हो गया और उसका मिशन फेल हो गया। भारतीय अंतरिक्ष एजेंसी ISRO के कमांड सेंटर की तस्वीर जाने चंद्रयान-3 का अब तक का सफर चंद्रयान-3 को 14 जुलाई को दोपहर 2 बजकर 35 मिनट पर श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से शक्तिशाली रॉकेट एलवीएम मार्क 3 से लांच किया गया था। इस मिशन की लागत करीब 600 करोड़ रुपये है। जानिए लैंडिंग के बाद क?या हुआ 6 पहियों वाला प्रज्ञान रोवर 4 घंटे के बाद लैंडर से निकल कर चंद्रमा की सतह पर उतरेगा। यह एक सेमी प्रति सेकंड की रफ्तार से चलेगा और चंद्रमा के परिवेश को स्कैन करने के लिए नेविगेशन कैमरों का इस्तेमाल करेगा। रोवर में चंद्रमा की सतह से संबंधित डेटा प्रदान करने के लिए उपकरण लगाए गए हैं।

इसरो के वैज्ञानिकों ने रची गौरवगाथा

यह चंद्रमा के वायुमंडल की मौलिक संरचना के संबंधित डेटा एकत्र करेगा और लैंडर को डेटा भेज देगा। तीन पेलोड के साथ विक्रम लैंडर निकट सतह के प्लाज्मा (आयनों और इलेक्ट्रॉनों) के घनत्व को मापेगा, चंद्रमा की सतह की थर्मल प्रॉपर्टीज (तापीय गुणों) को मापेगा, लैंडिंग स्थल के आसपास सिस्मीसिटी (भूकंपीयता) को मापेगा और चंद्र परत की संरचना और आवरण का वर्णन करेगा।

चांद पर लैंडिंग में 41 दिन लगे

चंद्रयान-3 आंध्रप्रदेश के श्रीहरिकोटा से 14 जुलाई को 3 बजकर 35 मिनट पर लॉन्च हुआ था। इसे चांद की सतह पर लैंडिंग करने में 41 दिन का समय लगा। धरती से चांद की कुल दूरी 3 लाख 84 हजार किलोमीटर है।

साइंस और टेक्नालॉजी देश के भविष्य का आधार है-पीएम मोदी

इस अवसर पर दक्षिण अफ्रीका से इसरो के वैज्ञानिकों के साथ देश की जनता को संबोधित करते हुए कहा कि चंद्रयान महाअभियान की उपलब्धि चंद्रमा की कक्षा से आगे जाएगी. हम हमारे सौरमंडल की सीमाओं का सामर्थ्य परखेंगे. और मानव की ब्रह्मांड की अनेक संभावनाओं को साकार करने के लिए भी काम करेंगे. हमने भविष्य के लिए कई बड़े और महत्वकांक्षी तय किए हैं. जल्द ही सूर्य के विस्तृत अध्यक्ष के लिए इसरो आदित्य एल-वन लांच करने जा रहा है. इसके बाद शुक्र भी इसरो के लक्ष्य में से एक है. इसरो इसके साथ ही गगनयान की तैयारी में जुट गया है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि स्काई इन नॉट लिमिट. साइंस और टेक्नालॉजी देश के भविष्य का आधार है, इसलिए आज का दिन देश हमेशा-हमेशा के लिए याद रखेगा. यह दिन हमें उज्ज्वल भविष्य की ओर बढ़ने को प्रेरित करेगा. यह दिन इस बात प्रतीत है कि हार से सबक लेकर जीत कैसे हासिल की जाती है. एक बार फिर देश के वैज्ञानिकों को बधाई और भविष्य के लिए ढेरों शुभकामनाएं।

तब रूस के नाम हो जाता यह रिकॉर्ड

भारत से पहले रूस चांद के दक्षिणी ध्रुव पर लूना-25 यान उतारने वाला था। 21 अगस्त को यह लैंडिंग होनी थी, लेकिन आखिरी ऑर्बिट बदलते समय रास्ते से भटक गया और चांद की सतह पर क्रैश हो गया।

जिला निर्वाचन कार्यालय और छतीसगढ़ चेंबर ऑफ़ कॉमर्स के बीच एमओयू

रायपुर। आगामी विधानसभा निर्वाचन में रायपुर ज़िले की सभी सात विधानसभाओं में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए ज़िला प्रशासन द्वारा विशेष प्रयास किए जा रहे है । आज ज़िला निर्वाचन कार्यालय और रायपुर चेंबर ऑफ़ कॉमर्स के बीच मतदाता जागरूकता के लिए एमओयू सम्पादित हुआ।

इस एमओयू के द्वारा छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ़ कॉमर्स अपने सभी व्यापारी सदस्यों, उनके संस्थानों-दुकानों में काम लेने वाले लोगों, श्रमिकों और उनके परिजनों को आगामी चुनाव में मतदान के लिए प्रेरित करेंगे। छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ़ कॉमर्स मतदाता जागरूकता अभियान चलाएगा । चेम्बर 18 आयु वर्ष से अधिक के सभी लोगों का नाम मतदाता सूची में दर्ज करवाने, विलोपन एवं संशोधन के काम में भी आवश्यक सहयोग देगा ।

चेंबर ऑफ़ कॉमर्स के सभी सदस्य मतदान दिवस के दिन उनके संस्थान में कार्य करने वाले सभी कर्मचारियों को वोट देने के लिए अवकाश प्रदान करेंगे। इसके साथ ही व्यवसायिक प्रतिष्ठानों के माध्यम से लोगो को विवेकपूर्ण, नैतिक तथा शत-प्रतिशत मतदान करने की अपील तथा जागरूकता लाने के कार्यक्रमों में आवश्यक सहयोग करेगा। चेम्बर ऑफ़ कॉमर्स शहर की आवासीय कालोनियों में मतदाता जागरूकता के लिए स्वीप कोर टीम को कार्यक्रम आयोजित करने में आवश्यक सहयोग भी प्रदान करेगा।

छत्तीसगढ़ में एक और बॉलीवुड फिल्म की शूटिंग

रायपुर। छत्तीसगढ़ की नई फिल्म नीति लागू होने के बाद यहां बॉलीवुड फिल्मों की शूटिंग का सिलसिला लगातार जारी है। नवा रायपुर में आज से एक और बॉलीवुड फिल्म की शूटिंग शुरू हुई। हिन्दी फिल्म शादी में ज़रूर आना फेम निर्माता-निर्देशक रत्ना सिन्हा की नई हिन्दी फ़िल्म का आज मुहुर्त शॉट सम्पन्न हुआ। रायपुर और नवा रायपुर में अगले 20 दिनों तक इसकी शूटिंग चलेगी। फ़िल्म में अक्षय ओबेरॉय, अशनूर कौर और आदिल मुख्य भूमिका निभा रहे हैं। आज नवा रायपुर में फिल्म के मुहूर्त शॉट के मौक़े पर छत्तीसगढ़ सरकार के सलाहकार गौरव द्विवेदी भी मौजूद थे।

साइबर ठगी के बीच सरकारी नौकरी के नाम करोड़ों की ठगी

रायपुर। राजधानी में साइबर ठगी के बढ़ते मामलों के बीच नौकरी के नाम पर ठगी के केस ने पुलिस को परेशान कर रखा है। सरकारी विभागों में नौकरी लगाने का ऐसा खेल राजधानी सहित पूरे प्रदेश में चल रहा है। इस तरह की ज्यादातर ठगी रायपुर में ही अंजाम दी जा रही है। हाल ही में नौकरी के नाम पर झांसा देने के दो मामलों में करोड़ों रुपये ऐंठने की बात सामने आई है। इस साल अब तक करीब 48 केस सामने आए हैं। इनमें से 11 मामलों में एफआइआर हो चुकी है और 37 शिकायतों में जांच चल रही है। 11 केस में 17 गिरफ्तार हो चुके हैं। इन सभी मामलों की पड़ताल में पता चला कि आरोपितों ने पीड़ितों को फर्जी नियुक्ति पत्र और अन्य दस्तावेज थमा कर रकम ली गई है।

छत्तीसगढ़ में ईडी की कार्रवाई पर सियासी बखेड़ा

वेणुगोपाल ट्वीट कर बोले- बीजेपी कांग्रेस को डराने अपना रही गंदे

रायपुर. ईडी को लेकर प्रदेश में फिर से सियासी पारा गरमाने लगा है. ईडी के छापे को फिर से चुनावी रंग से जोड़कर देखा जा रहा है. ऐसा इसलिए क्योंकि बुधवार को सीएम बघेल के के सलाहकार विनोद वर्मा के साथ ओएसडी मनीष बंछोर, आशीष वर्मा और उनके एक करीबी कारोबारी विजय भाटिया के ठिकानों पर छापा मारा है. जिसके बाद कांग्रेस के आला नेताओं ने ट्वीट कर भाजपा पर निशाना साधा है. साथ ही इस कार्रवाई को राजनीति से प्रेरित बताया है। कांग्रेस महासचिव ने ट्वीट कर लिखा, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के स्टाफ सदस्यों के यहां ईडी के द्वारा की गई कार्रवाई की निंदा करते हैं. आगामी चुनाव की दौड़ से पूरी तरह बाहर हो चुकी बीजेपी कांग्रेस को डराने-धमकाने के लिए अपने गंदे हथकंडे अपना रही है।

छत्तीसगढ़ में ईडी ने फिर मारा छापा

CM के OSD, राजनीतिक सलाहकार के घर ED की रेड-विनोद वर्मा, दो ओएसडी आशीष वर्मा, मनीष बंछोर और विजय भाटिया के घर छापा

रायपुर। छत्तीसगढ़ में प्रवर्तन निदेशालय की कार्रवाई लगातार तीसरे दिन जारी है। कारोबारियों के बाद अब ईडी ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के करीबी अधिकारियों के ठिकाने पर कार्रवाई की है।

सीएम के राजनीतिक सलाहकार सहित दो ओएसडी के यहां ईडी की कार्रवाई किस मामले को लेकर हुई है, अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है। बतादें कि ईडी की टीम ने आनलाइन सट्टा महादेव ऐप से जुड़े लोगों के यहां पिछले दो दिनों से ताबड़तोड़ छापेमारी की है।

भूपेश बघेल ने पीएम मोदी और अमित शाह पर साधा निशाना

ईडी की कार्रवाई को लेकर मुख्यमंत्री बघेल ने ट्वीट करके तंज कसा है। मुख्यमंत्री ने ट्वीट किया कि आदरणीय प्रधानमंत्री जी एवं अमित शाह जी! मेरे जन्मदिन के दिन आज आपने मेरे राजनीतिक सलाहकार एवं मेरे ओएसडी सहित करीबियों के यहां ईडी भेजकर जो अमूल्य तोहफा दिया है, इसके लिए बहुत आभार। सीएम के ट्वीट पर समर्थकों ने तीखी प्रतिक्रिया दी है।

सियासी बयानबाजी का दौर

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने ईडी की कार्रवाई पर कहा कि, बीजेपी की ओर से ईडी और आईटी चुनाव लड़ रही है। उनको ठेका दे दिया गया है। अब आईटी की टीम आएगी घर और गली तक जाएगी। बीजेपी निम्न से निम्न स्तर तक गिर चुकी है। सीएम ने कहा कि, बीजेपी को प्रजातंत्र पर विश्वास नहीं है। वहीं नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल ने कहा कि, ईडी ने फिर दबिश देकर घोटाले को उजागर किया है। कमिशन और करप्शन ही सरकार का काम रह गया है। जिनके यहां छापा पड़ा वो पहले कुछ नहीं थे लेकिन आज भ्रष्टाचार के माध्यम से बड़े कारोबारी बन गए हैं।

आदरणीय प्रधानमंत्री जी एवं श्री अमित शाह जी!

मेरे जन्मदिन के दिन आज आपने मेरे राजनीतिक सलाहकार एवं मेरे OSD सहित करीबियों के यहाँ ED भेजकर जो अमूल्य तोहफा दिया है, इसके लिए बहुत आभार.।

जन्मदिन कलेक्टोरेट के सामने मल्टीलेवल पार्किंग में हुई बीपीओ की शुरूआत

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने जन्मदिन पर युवाओं को दिया बीपीओ का तोहफा

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज अपने जन्मदिन पर छत्तीसगढ़ के युवाओं को बीपीओ सेंटर का तोहफा दिया। कलेक्टोरेट के सामने मल्टीलेवल पार्किंग के पांचवे और छठवें माले पर बने इस बीपीओ सेंटर का मुख्यमंत्री ने शुभारंभ किया। उन्होंने यहां बीपीओ सेंटर में काम करने के लिए एक सौ युवाओं को जॉब लेटर भी दिए।

इस बीपीओ सेंटर की स्थापना लगभग दस करोड़ रूपये की लागत से की गई है। मुख्यमंत्री श्री बघेल की सोच के अनुरूप इस बी.पी.ओ. सेंटर के शुरू हो जाने से अब रायपुर के युवाओं को उन्नत व आधुनिक सुविधाओं के जरिए रोजगार के नये अवसर भी मिलेंगे। इस बी.पी.ओ. सेंटर के जरिए छत्तीसगढ़ के युवा कॉल सेंटर कस्टमर सपोर्ट, सेल्स एंड मार्केटिंग, डाटा एंट्री, टेक्निकल सपोर्ट, चौट सपोर्ट, बैंक एंड फ्रंट ऑफिस वर्क, सोशल मीडिया हैण्डलिंग, डाटा एनालिसिस जैसे आउटसोर्सिंग व्यवसायों से जुड़ेंगे।

बीपीओ सेंटर का शुभारंभ करते हुए मुख्यमंत्री श्री बघेल ने कहा कि सूचना क्रांति के इस दौर में रायपुर में लम्बे समय से ऐसे आधुनिक बी.पी.ओ. सेंटर की जरूरत महसूस हो रही थी, जहां काम करते हुए कम लागत पर बेरोजगार व कॉलेज में पढ़ रहें युवाओं को पूरी दुनियां से जुड़कर अपने कौशल बढ़ाने का समुचित अवसर मिले।

उन्होंने कहा कि कोरोना काल में भी हर घर तक संदेशों को पहुंचाने के लिए ऐसे बीपीओ आधारित हाइटेक कॉल सेंटर की आवश्यकता शहर में महसूस की जा रही थी। रायपुर में इस तरह के कॉल सेंटर उपलब्ध नहीं होने के कारण यहां के युवाओं को इंदौर, बैंगलुरू जैसे अन्य महानगरों में जाकर रोजगार के अवसर तलाशने पड़ते थे। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने कहा कि प्रतिस्पर्धा के दौर में सीमित संसाधनों के कारण यहां कें युवा रोजगार से वंचित हो जाते थे।

विकास बनाम पर्यावरणीय चिंताएं, पारिस्थितिक विनाश के कारण बढ़ी आपदाओं की आवृत्ति

अगर उत्तर भारत के दो पहाड़ी राज्यों-हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में आ रही त्रासदी से कोई महत्वपूर्ण सबक लेना है, तो वह यह है कि इस आपदा को पर्यावरणीय चिंताओं और विकास के बीच एक समझौते के रूप में पेश नहीं किया जाए। यह ध्यान में रखा जाना चाहिए कि जो विकास पर्यावरण में आ रहे बदलावों से उपजी अनियमित मौसमी दशाओं और विभिन्न क्षेत्रों की इसे झेलने की क्षमता को ध्यान में नहीं रखता, वह विकास नहीं है और यह आपदा की वजह भी बन सकता है।

हिमालय क्षेत्र में हो रही लगातार बारिश के चलते इस हफ्ते कम से कम 72 लोगों की मौतें हुईं। इससे भारी भूस्खलन हुआ। बाढ़ का आलम यह था कि सड़कें जलमग्न हो गईं और वाहन व इमारतें तक ढहकर बहने लगीं। कई लोग घायल हैं और कई लापता। सबसे ज्यादा प्रभावित हिमाचल प्रदेश में राहत और बचाव कार्य जारी है। भूस्खलन के बाद ऐसी आशंका जताई जा रही है कि कई लोग कीचड़ और इमारतों के मलबे के नीचे दबे हुए हैं। सैकड़ों सड़कें अवरुद्ध हैं। दुर्गम क्षेत्रों में स्वास्थ्य देखभाल की स्थिति के बारे में जानकारी बेहद कम है। राजधानी शिमला में स्कूलों को बंद करने के आदेश दिए गए हैं। अकेले हिमाचल में 7028.28 करोड़ रुपये के आर्थिक नुकसान की खबर है।

इसके बावजूद हम कह सकते हैं कि ये मौतें, आपदा, विनाश और तबाही अप्रत्याशित नहीं हैं। पारिस्थितिकी के नजरिये से हिमालय क्षेत्र वैसे भी काफी नाजुक माना जाता है। कुछ खास बुनियादी ढांचे की परियोजनाएं जोखिम से भरी होती हैं। विशेषज्ञ कई वर्षों से इस बारे में आगाह करते रहे हैं। पर्यावरण में हो रहे बदलावों से जोखिम भी लगातार बढ़ रहा है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, वैश्विक स्तर पर भूस्खलन से 48 लाख लोगों के प्रभावित होने का अनुमान है और इससे 1998-2017 के बीच 18 हजार से ज्यादा लोगों की मौतें हो चुकी हैं। पर्यावरण में बदलाव और बढ़ते तापमान के कारण खासकर पहाड़ी क्षेत्रों में ज्यादा भूस्खलन होने की आशंका होती है। हिमालय में अधिक ऊंचाई पर जमी हुई बर्फ जब पिघलती है, तब, खड़ी ढलानें ज्यादा अस्थिर हो सकती हैं, नतीजतन, भूस्खलन हो सकता है। प्रधानमंत्री की

अध्यक्षता वाले केंद्र सरकार के एक शीर्ष निकाय राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के सितंबर, 2019 के रणनीति पत्र में कहा गया है, देश में कार्यान्वयन के लिए राष्ट्रीय, राज्य और स्थानीय स्तर पर कोई भूमि उपयोग नीति नहीं है। हिमालय पर शहरों का बोझ बढ़ रहा है। और, ये शहर कचरे व प्लास्टिक, अनुपचारित सीवेज, जल संकट, अनियोजित शहरी विकास और वाहनों के चलते स्थानीय वायु प्रदूषण के कारण बनकर रह गए हैं। खासकर,

> केवल सड़कें, राजमार्ग और पुल बना लेना ही विकास नहीं है। पर्यावरण में आ रहे बदलावों के इस दौर में विकास की परिभाषा में बुनियादी परियोजनाओं के पर्यावरणीय प्रभावों को लेकर चिंताएं समाहित होनी चाहिए।

गर्मियों में आने वाले पर्यटकों की भीड़ को देखते हुए इन शहरों को थोड़ा नियोजित करने की जरूरत है।

रणनीति पत्र यह भी रेखांकित करता है, ग्रामीण क्षेत्रों में बगैर पर्याप्त शोध और जल निकासी की सुचारु व्यवस्था के सड़क निर्माण में भारी निवेश और पहाड़ों में अनियोजित ढंग से की जा रही विकास गतिविधियां इन क्षेत्रों में जोखिम बढ़ा रही हैं। यह पत्र परियोजनाओं को हरी झंडी दिखाने से पहले इसमें शहरी योजनाकारों को भार वहन परीक्षणों, जोखिम क्षेत्र, ढलान और भूमि उपयोग का मानचित्र तैयार रखने की वकालत करता है। इसके अलावा, यह ग्रामीण समुदायों पर भूस्खलन के प्रभावों को भी रेखांकित करता है, जहां कृषि के एक बड़े क्षेत्र में नुकसान ने पहाड़ी क्षेत्रों में आजीविकाओं को नष्ट किया है। यह पहाड़ी इलाकों में खाद्य सुरक्षा पर सवालिया निशान खड़ा करता है। इसके अलावा, भूस्खलन में किसानों की खोई जमीन के मुआवजे देने पर भी ध्यान देने की जरूरत है। रणनीति पत्र यह भी कहता है, हाल ही में हुए भूस्खलन और बादल फटने व बाढ़ जैसे खतरों के दौरान बड़े पैमाने पर संपत्ति के नुकसान से पता चला है कि अधिकांश निर्माण योजनाएं गलत हैं और मानक मानदंडों का पालन नहीं करतीं।

आमतौर पर सरकारी विभागों द्वारा भी डिजाइन संबंधी नियमों का पालन नहीं किया जाता है। इसने एक चिंताजनक स्थिति पैदा कर दी है, जहां प्रतिकूल जलवायु, नाजुक वातावरण और टेक्टोनिक रूप से सक्रिय अस्थिर पहाड़ी इलाकों में पहले से ही मौजूद असुरक्षित इमारतों की संख्या में हर साल काफी असुरक्षित भवन और जुड़ जाते हैं। राष्ट्रीय भूस्खलन जोखिम प्रबंधन रणनीति तीन वर्षों के अनुसंधान और क्षेत्रीय दौरों के नतीजों के आधार पर सिफारिश करता है कि पर्यावरण और अन्य प्रासंगिक कारकों को ध्यान में रखते हुए एक एकीकृत विकास योजना तैयार की जा सकती है। जल की कमी वाले क्षेत्रों में भूमिगत जल निकायों सहित दूसरे जल निकायों को भी संरक्षित करने के प्रयास होने चाहिए। पहाड़ी ढलान को काटने से पारिस्थितिक क्षति होती है और निकटवर्ती क्षेत्रों में अस्थिरता आती है, इसलिए जब तक उचित उपाय नहीं कर लिए जाते, ऐसी कटाई नहीं की जानी चाहिए। आमतौर पर 30 से अधिक ढलान वाले क्षेत्रों या भूस्खलन के खतरे वाले क्षेत्रों में कोई निर्माण नहीं किया जाना चाहिए। जाहिर है, क्या किया जाना चाहिए और इससे भी महत्वपूर्ण क्या नहीं होना चाहिए,

पत्रलेखा चटर्जी

संपादकीय

खड़गे की कमेटी पर सोनिया की छाप

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की बनाई कार्य समिति पर सोनिया गांधी की स्पष्ट छाप दिख रही है। ऐसा लग रहा है कि सोनिया की कांग्रेस की वापसी हो गई है, जिसमें कुछ नए सदस्य इसलिए जगह पा गए हैं क्योंकि वे राहुल गांधी या प्रियंका गांधी वाड्रा के करीबी हैं और उनके प्रति निष्ठावान हैं। अगर कोई आंख बंद करके सोनिया गांधी की दो दशक पुरानी टीम को याद करे तो ज्यादातर चेहरे खड़गे की टीम में भी दिखाई देंगे। पदेन सदस्यों को छोड़ दें जैसे पूर्व अध्यक्ष सोनिया व राहुल गांधी, पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह और लोकसभा में पार्टी के नेता अधीर रंजन चौधरी तो 39 सदस्यों की मुख्य कमेटी और विशेष आमंत्रित व स्थायी आमंत्रित सदस्यों में लगभग सारे पुराने चेहरे दिखेंगे।

खड़गे की कार्य समिति में ऊपर से नाम पढ़ना शुरू करें तो एके एंटनी का नाम दिखेगा, अंबिका सोनी और दिग्विजय सिंह का नाम दिखेगा, मुकुल वासनिक और आनंद शर्मा का नाम दिखेगा, मीरा कुमार और पी चिदंबरम का नाम दिखेगा, अजय माकन और कुमारी शैलजा का नाम दिखेगा, सलमान खुर्शीद और जयराम रमेश का नाम दिखेगा। वह तो अच्छा हुआ कि खड़गे ने 23 की जगह कार्य समिति में 39 सदस्य बनाए अन्यथा जो थोड़े बहुत नए लोग इसमें दिख रहे हैं उनको जगह नहीं मिल पाती। इसी तरह स्थायी आमंत्रितों की सूची में वही वीरप्पा मोईली, वही हरीश रावत, पवन बंसल, मोहन प्रकाश, बीके हरिप्रसाद, रमेश चेन्निथला, प्रतिभा सिंह, टी सुब्बीरामी रेड्डी आदि मौजूद हैं। वहां भी नए लोगों को इसलिए जगह मिल पाई क्योंकि विशेष आमंत्रित श्रेणी में 32 सदस्यों को रखा गया है। अगर उनकी संख्या कम होती तो नए लोगों को छोड़ना ही पड़ता।

चंद्रयान-3, चांद के पार चलो

सबकुछ ठीक रहा तो चन्द्रयान 3 का व्रिकम लैंडर जल्द चांद की सतह को छू लेगा। ये बेशक बेहद रोमांचक लम्हें होंगे। लेकिन सदियों से चांद को लेकर तमाम तरह के जो मिथ थे वो सारे टूट चुके हैं। अब हमें पता चल चुका है कि चांद पर सफेद बालों वाली कोई बुढ़िया वहां चरखा नहीं कात रही है। वहां पूर्णिमा की रात कोई खरगोश नहीं आता। चांद एक छोटा सा प्राकृतिक उपग्रह है जिसकी अपनी कोई रोशनी नहीं है। सूर्य की किरणें उसमें चमक पैदा करती हैं। ऐसे कोई पचास चांद हमारी पृथ्वी पर समा सकते हैं। वह उजाड़-विरान-सी जगह है। वहां न हवा है न पानी है। न पेड़ हैं न पौधे और न कोई हरियाली न जीव जन्तु। बस काली धूसर चट्टानें हैं और गहरी अंधेरी खाइयां हैं।

अंतरिक्ष वैज्ञानिकों ने भी अब चांद पर जाना छोड़ दिया। अपोलो मिशन बंद करने के बाद पिछले पचास साल से चांद पर किसी मनुष्य ने कदम नहीं रखा। अब ये काम रोवर्स करते हैं। ये रोवर्स चलने फिरने वाले छोटे रोबोट हैं, जिसे वैज्ञानिक चंद्रमा और ग्रहों पर उनकी सतहों पर उतरने और अन्वेषण करने के लिए भेजते हैं। रोवर्स इंसानों की तरह तस्वीरें ले सकते हैं और उस ग्रह उपग्रह के तापमान रीडिंग कर सकते हैं, चट्टान और मिट्टी के नमूने लेकर ग्रह के बारे में जानकारी जुटा सकते हैं बस। वैसे अब तक चांद पर गए अंतरिक्ष यात्रियों का अनुभव भी रोबोट जैसा ही रहा है।

मुझे याद आता है कि 1969 में जब नील आर्मस्ट्रांग की टीम चांद को छूकर वापस आई थी। उनकी इस साहसिक चन्द्रयात्रा से ब्रिटेन की रानी ऐलिजाबेथ-2 के शौहर फिलिप बहुत उत्साहित और रोमांचित थे। नील आर्मस्ट्रांग अपने दो साथियों के साथ बर्निघम पैलस के मेहमान थे। कौतुहल से भरे फिलिप ने उन अंतरिक्ष यात्रियों से पूछने के लिए सवालों की बाकायदा एक लिस्ट बनाई थी। लेकिन उन अंतरिक्ष यात्रियों को देखकर उन्हें लगा कि इन सवालों के जवाब देने के लिए वे अभी बहुत छोटे हैं। फिर भी उन्होंने एक बेसिक सवाल पूछा- आप क्या सोच रहे थे जब आप चांद पर थे? तीनों अंतरिक्ष यात्री सोच में पड़ गए। नील बोले- हमारी सांस में सांस आई और सोचा कि मिशन पूरा हुआ। और हमें क्या नजारे देखने मिले जब हम वहां थे। फिलिप ने कहा- बेशक वे नजारे अद्भुत होंगे लेकिन मैं उन नजारों के अलावा उन विचारों के बारे में जानना चाहता हूं जो उस वक्त आपके जेहन में आ रहे थे। नील ने कहा- सच पूछिए तो इन सब का वक्त हमारे पास नहीं था। हम बस प्रोटोकॉल फालो कर रहे थे। हमने अपना सारा वक्त हाथ में लिस्ट लिए हुए गुजारा जिस पर हम टिक लगाते जा रहे थे। हमारी आंखें मशीन प्रोटोकॉल को लेकर इतनी चौकन्नी रहती थी कि हम और कुछ देख ही नहीं पाते थे। उन अंतरिक्ष यात्रियों के लिए चांद से ज्यादा कौतुहल वाली जगह ब्रिटेन की रानी का ऐशवर्य से भरपूर भव्य महल था जिसमें वे घूमना चाहते थे। फिलिप ने अपनी किताब में लिखा- उनमें न कोई जूनून था न कोई नयापन और न कोई सहजता न कोई कल्पनाशीलता। वे फीके चेहरे वाले आम इंसान थे जिनकी नाक लंदन की सर्दी से बह रही थी। बतौर एस्ट्रोनॉट उन्होंने जो भी किया लेकिन बतौर इंसान उन्होंने निराश ही किया।



इसरो ने चंद्रयान-3 बनाने में अब तक की सबसे महंगी फिल्म 'अवतार'के बजट से भी आधा पैसा खर्च किया है। वैसे भी वैज्ञानिक खोजों पर पैसा खर्च करना किसी महापुरुष की भव्य प्रतिमा लगाने पर किए जाने वाले खर्च से बेहतर है।

लेकिन मुझे यकीन है हमारे देश के वैज्ञानिक हमें निराश नहीं करेंगे। बताया जा रहा है कि इसरो ने चंद्रयान-3 बनाने में अब तक की सबसे महंगी फिल्म 'अवतार'के बजट से भी आधा पैसा खर्च किया है। वैसे भी वैज्ञानिक खोजों पर पैसा खर्च करना किसी महापुरुष की भव्य प्रतिमा लगाने पर किए जाने वाले खर्च से बेहतर है। शार्टकट रूट के चक्कर में रूस का चन्द्रयान लूना-25 पिछले दिनों ठीक चंद्रमा की सतह पर क्रैश हो गया। रूस चांद पर सॉफ्ट लैंडिंग का सपना 47 साल से देख रहा था। चार साल पहले हमारा चन्द्रयान-2 भी ऐसे ही क्रैश हुआ था। लैंडिंग से पहले ही उसका इसरो से सम्पर्क टूट गया था। लेकिन इसरो के वैज्ञानिकों ने हिम्मत नहीं छोड़ी।

दयाशंकर

मिला जुला

'संविधान का ऐसा कोई प्रावधान नहीं, जो इसे कश्मीर में लागू होने से रोकता हो',

आर्टिकल 370 पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई

नई दिल्ली। जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 को खत्म करने के खिलाफ दायर याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई जारी है. सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ में इस मामले को लेकर मंगलवार को 8वें दिन भी सुनवाई की गई. सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ ने इस मामले पर बड़ी टिप्पणी करते हुए कहा कि भारतीय संविधान में ऐसा कोई प्रावधान नहीं है, जो इसे जम्मू-कश्मीर में लागू होने से रोकता हो. सीजेआई चंद्रचूड़ ने यह भी कहा कि जम्मू-कश्मीर संविधान का अनुच्छेद 5 दर्शाता है कि भारतीय संविधान जम्मू-कश्मीर पर लागू होगा. सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ ने सवाल किया कि अनुच्छेद 370 की ऐसी कौन सी विशेषताएं हैं, जो दर्शाती हैं कि जम्मू-कश्मीर संविधान बनने के बाद इसका अस्तित्व समाप्त हो जाएगा? क्या संविधान सभा के किसी सदस्य द्वारा दिया गया भाषण जम्मू-कश्मीर के प्रति राष्ट्र की बाध्यकारी प्रतिबद्धता का प्रतिनिधित्व कर सकता है? और क्या 1957 में संविधान सभा द्वारा अपना निर्णय लेने के बाद, क्या संप्रभु भारत के पास संविधान के किसी भी प्रावधान को लागू करने की कोई शक्ति नहीं होगी?'

सुप्रीम कोर्ट की इस बेंच में शामिल जस्टिस संजय किशन कौल ने भी कहा कि यह स्वीकार करना कठिन है कि संविधान सभा की बहस इस आश्वासन तक सीमित थी कि अनुच्छेद 370 अपने आप समाप्त हो जाएगा. अगर आप जो कह रहे हैं, उसे हम स्वीकार कर लें, तो क्या होगा.

बताते चलें कि सुप्रीम कोर्ट में मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली 5 जजों की बेंच इस मामले पर सुनवाई कर रही है, जो आज बुधवार को भी जारी रहेगी. इस बेंच में जस्टिस संजय किशन कौल, संजीव खन्ना, बीआर गवई और सूर्यकांत प्रमुख रूप से शामिल हैं.

इस बीच देखा जाए तो सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली बेंच की यह टिप्पणी तब आई जब हस्तक्षेपकर्ता प्रेम शंकर झा की ओर से पेश वरिष्ठ वकील दिनेश द्विवेदी ने तर्क दिया कि अनुच्छेद 370, जो पूर्ववर्ती राज्य को विशेष दर्जा देता था, में से कुछ भी जम्मू-कश्मीर का संविधान बनने के बाद बचा नहीं है. 26 जनवरी, 1957 को अधिनियमित किया गया और राज्य की संविधान सभा का कार्यकाल समाप्त हो गया।

नीतीश के चांस पर सस्पेंस

लालू बोले- गठबंधन में हो सकते हैं अनेक संयोजक

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा सरकार के खिलाफ एक-दूसरे से बात तक नहीं करने वाले विपक्षी दलों को भी एकजुट करने वाले बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के इंडिया गठबंधन के संयोजक बनने पर अब भी सस्पेंस बना हुआ है। नीतीश से ज्यादा कांग्रेस के करीब रहे आरजेडी अध्यक्ष लालू यादव ने कहा है कि विपक्षी दलों के गठबंधन में तीन-चार राज्यों पर एक संयोजक बन सकता है जो उस

इलाके में सीट बंटवारा और तालमेल का काम देखे। इससे इस बात की अटकल शुरू हो गई है कि कांग्रेस संयोजक का पद नीतीश को देने का मन अभी तक नहीं बना सकी है।

हालांकि लालू यादव ने यह कहा कि गठबंधन का एक संयोजक हो सकता है। लालू ने संयोजक पद के लिए गठबंधन की पटना में आयोजित पहली बैठक में ही नीतीश का नाम बढ़ाया था। पटना के बाद बेंगलुरु में भी बैठक हो चुकी है और अब मुंबई में 31 अगस्त से दो दिन की बैठक होने वाली है लेकिन संयोजक का नाम अब तक तय नहीं हो सका है। गोपालगंज दौरे पर गए राजद अध्यक्ष लालू यादव ने कहा कि विपक्षी दलों के इंडिया गठबंधन का स्वरूप और सीट शेयरिंग पर मुंबई की बैठक में फैसला हो जाएगा।

चंद्रयान-3 की सॉफ्ट लैंडिंग के लिए क्यों चुना गया आज का ही दिन? जानें क्या हो सकती हैं मुश्किलें

नई दिल्ली। हर गुजरते पल के साथ बढ़ती उम्मीदों और उत्साह के बीच भारत एक नया इतिहास रचने को तैयार है। भारतीय अंतरक्षि अनुसंधान संगठन (इसरो) ने कहा है कि चंद्रयान-3 मिशन तय समय पर है और बुधवार की शाम चांद के दक्षिण ध्रुवीय क्षेत्र में सॉफ्ट लैंडिंग के लिए सुचारू रूप से आगे बढ़ रहा है। चंद्रमा पर उतरने के साथ ही भारत ऐसा करने वाला दुनिया का चौथा देश और चांद के दक्षिणी ध्रुव पर उतरने वाला पहला देश बन जाएगा। इससे पहले अमेरिका, रूस और चीन ऐतिहासिक करिश्मे

को अंजाम दे चुके हैं। लैंडर मॉड्यूल (विक्रम) की सॉफ्ट लैंडिंग का मतलब 6000 किलोमीटर प्रति घंटे की गति को शून्य पर ले आना। इस दौरान विक्रम खुद को 90 डिग्री लंबवत स्थिति में चंद्रमा की सतह पर उतरेगा।

23 अगस्त को ही लैंडिंग क्यों

चंद्रमा पर 14 दिनों का दिन और 14 दिनों का रात होता है। अभी चंद्रमा पर रात है और 23 को सूर्योदय होगा। लैंडर विक्रम और रोवर प्रज्ञान दोनों सोलर पैनल के इस्तेमाल से ऊर्जा प्राप्त कर सकेंगे।

रेलवे पुल गिरने से 17 मजदूरों की मौत

मिजोरम में दर्दनाक हादसा, बचाव अभियान जारी

आइजोल। मिजोरम में बुधवार सुबह एक दर्दनाक हादसा हो गया है। सैरांग इलाके में एक निर्माणाधीन रेलवे पुल के गिरने से कम से कम 17 मजदूरों की मौत हो गई है। घटनास्थल पर कई अन्य लोगों के फंसे होने की आशंका है। जहां हादसा हुआ है वह जगह राजधानी आइजोल से करीब 21 किलोमीटर दूर है। बताया जा रहा है कि हादसा सुबह 10 बजे के करीब हुआ। उस वक्त सभी मजदूर पुल का काम कर रहे थे। कुरुंग नदी

पर बैराबी को सैरांग से जोड़ने वाला रेलवे पुल निर्माणाधीन था।

कई श्रमिकों के फंसे होने की आशंका

दुर्घटनास्थल पर कई अन्य श्रमिकों के फंसे होने की आशंका है, क्योंकि बुधवार सुबह जब दुर्घटना हुई तब लगभग 40 श्रमिक मौजूद थे। पुलिस अधिकारी ने 17 लोगों के मरने की पुष्टि की है। अधिकारी ने कहा कि मलबे से अब तक 17 शव बरामद किए जा चुके हैं।

जयपुर से चंडीगढ़ के बीच होगा ये रूट

राजस्थान में चौथी वंदे भारत ट्रेन चलने के लिए तैयार

जयपुर। राजस्थान के लोगों को रेलवे की तरफ से बड़ी सौगात मिली है। भारतीय रेलवे ने राजस्थान के लिए चौथी वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को चलाने का एलान किया है। ये नई वंदे भारत ट्रेन जयपुर से चंडीगढ़ के बीच चलने वाली है। चंडीगढ़, पंजाब और हरियाणा दोनों प्रदेशों की राजधानी है और केंद्र शासित प्रदेश है। हालांकि इस ट्रेन की तारीख

अभी तय नहीं हुई है। लेकिन माना जा रहा है विधानसभा चुनाव से पहले ही इसका लोकार्पण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों किया जाएगा। सूत्र बताते हैं वंदे भारत की यह ट्रेन अब तक चलाई जा रही वंदे भारत ट्रेनों से कुछ अलग होगी। फिलहाल जोधपुर से साबरमती, जयपुर से उदयपुर और अजमेर-जयपुर से दिल्ली के बीच वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन चल रही है।

रेलवे के अंबाला डिवीजन में चंडीगढ़-जयपुर रेल ट्रैक पर भी पिछले कुछ समय से वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन के संचालन की मांग उठ रही है। नई ट्रेन चलने से ना केवल यात्रियों का समय बचेगा, बल्कि उन्हें ट्रेन में कई आधुनिक सुविधा भी मिलेगी। रेलवे बोर्ड की तरफ से जल्द ही इस ट्रेन का शेड्यूल और किराया घोषित होगा।

राजस्थान-एमपी में विधानसभा चुनाव

इसके साथ ही भारतीय रेलवे ने रतलाम-बांसवाड़ा-डूंगरपुर रेल लाइन का काम भी फिर से शुरू हो गया है। मध्यप्रदेश और राजस्थान सरकार से रेलवे ने अधिग्रहित की गई जमीन मांगी है।

एक नजर

छत्तीसगढ़ में आज से शुरू होगी सहायक शिक्षकों की भर्ती

रायपुर . छत्तीसगढ़ में सहायक शिक्षकों की भर्ती के लिए पहले चरण की ऑनलाइन काउंसिलिंग आज से शुरू हो रही है लेकिन बीएड डिग्री वालों को इस काउंसिलिंग से अलग रखा गया है। जिससे नाराज अभ्यर्थियों ने मंगलवार रात डिप्टी CM टीएस सिंहदेव के बंगले के पास उनकी गाड़ी रोककर अपनी समस्या बताई और उन्हें काउंसिलिंग पर रोक लगाने के लिए ज्ञापन सौंपा। बीएड डिग्री धारक अभ्यर्थी इस फैसले से बेहद आक्रोशित हैं, डिप्टी सीएम के निवास ज्ञापन सौंपने पहुंचे अभ्यर्थी विकास मिश्रा ने बताया कि डीपीआई ने एक आदेश निकाला है, जिसमें हाईकोर्ट के आदेश हवाला देते हुए सहायक शिक्षक की काउंसलिंग से बीएड डिग्री धारियों को अलग कर दिया गया है। जबकि इस मामले की सुनवाई छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट में चल रही है, जिसमें बीएड अभ्यर्थियों को सहायक शिक्षा के लिए किसी भी प्रकार से अपात्र नहीं पाया गया है और ना ही हाईकोर्ट ने इस मामले में कोई फैसला सुनाया है। अभ्यर्थियों का कहना है कि इसके बावजूद डीपीआई ने हजारों की संख्या में बीएड डिग्री धारकों को काउंसलिंग से अलग कर दिया गया है। जिससे वे काफी नाराज है,उनका कहना है कि उन सभी ने व्यापम के निकाले विज्ञापन और राजपत्र में प्रकाशित तय नियमों के आधार पर पात्र होते हुए ही परीक्षा दिलाई गई थी।

15 किलो के पैंगोलिन को घर पर छिपाया

रायपुर . रायपुर की खरोरा थाना पुलिस ने एक व्यक्ति को जिंदा पेंगोलिन के साथ गिरफ्तार किया है। इस व्यक्ति ने करीब 15 किलो वजनी इस वन्य जीव को अपने घर पर छिपा कर रखा था। जिसे वो बेचने की फिराक में था। लेकिन इसके पहले ही उसका भंडाफोड़ हो गया और पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार खरोरा के पास बुढ़ेनी गांव में कुछ लोगों ने एक युवक के घर में वन्य जीव को रखे जाने की सूचना दी।

रायपुर की 7 विधानसभा में 143 दावेदार

सीएम भूपेश बोले- दावेदार भी जानते हैं जीतने लायक कौन

रायपुर. विधानसभा चुनाव की टिकिट पाने के लिए कांग्रेस नेताओं का उत्साह देखते ही बन रहा है। मंगलवार को ब्लॉकों में आवेदन जमा करने का आखिरी दिन था। रायपुर जिले की सात विधानसभा सीटों में 143 नेताओं ने अपनी दावेदारी पेश की है। इनमें सबसे ज्यादा रायपुर दक्षिण विधानसभा सीट से 36 लोगों ने टिकिट की मांग की है। जबकि रायपुर उत्तर और धरसींवा विधानसभा में 33-33 नेताओं ने आवेदन जमा कराया है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने दावेदारों की भीड़ को देखते हुए कहा है कि जितने लोग भी दावेदारी कर रहे हैं वे यह जानते हैं कि उनमें से जीतने लायक कौन है। यदि दावेदारों में अयोग्य को टिकिट दिया जाएगा तो लोग खुद ही उसे रिजेक्ट कर देंगे। वहीं योग्य व्यक्ति को टिकिट दी जाती है तो दूसरे दावेदार संतुष्ट हो जाते हैं।

सीएम ने कहा कि ब्लॉकों में आवेदन मंगाने से यह पता चल रहा है कि कौन-कौन चुनाव लड़ने के इच्छुक हैं। सीएम ने

कहा कि प्रदेश के 14 विधानसभाओं संकल्प शिविर का आयोजन हो चुका है। 26 तारीख से फिर इसकी शुरुआत की जाएगी। हर दिन 3 विधानसभा में संकल्प शिविर का आयोजन किया जाएगा।

पंकज, नागभूषण समेत 9 दावेदार

रायपुर ग्रामीण- पंकज शर्मा, नागभूषण राव, उत्कर्ष वर्मा, विनोद तिवारी, अरुण भद्रा, संदीप साहू, अनिता गुरुपंच, विनय वर्मा, रवि गढ़पाल।

कुलदीप, कुकरेजा, अमर व छाबड़ा समेत 34 मैदान में

रायपुर उत्तर- कुलदीप जुनेजा, अजीत कुकरेजा, महेन्द्र छाबड़ा, अमर गिदवानी, इदरीश गांधी, राजू घनश्याम तिवारी, पंकज मिश्रा, अरशद खान, जागेश्वर राजपूत, राकेश धोतरे, प्रेमचंद लोनावत, जकिया रिजवी, नागेन्द्र पांडेय, हरदीप सिंह होरा, एजाज ढेबर, तरुणेश परिहार, अर्जुनदास वासवानी, अजय जोशी, संतोष गंगवानी, दीपक कुमार चौबे, सुनील कुकरेजा, अरुण भद्रा, राधेश्याम विभार, अरुण जंघेल, दिनेश फुटान, अपर्णा संचेती, मनीष दयाल, सायरा खान, नितिन भंसाली, प्रतीक यदु, दीपक मिश्रा, तेज कुमार बजाज।

विकास 14 ने दिए आवेदन

रायपुर पश्चिम- विकास उपाध्याय, सुबोध हरितवाल, धनंजय ठाकुर, सुर्यमणी मिश्रा, हाजरून खान बानो, श्रीकुमार मेनन, शिव सिंह ठाकुर, प्रेरणा साहू, ईश्वर चक्रधारी, वंदना राजपूत, प्रगति बाजपेयी, बबीता नथानी, हैप्पी बाजवा, हरदीप बेनीपाल।

एजाज, सन्नी, प्रमोद समेत 36 दावेदार मैदान में

रायपुर दक्षिण- एजाज ढेबर, समीर अख्तर, ज्ञानेश शर्मा, बीरेन्द्र देवांगन, आकाश शर्मा, उत्तम साहू, निवेदिता चटर्जी, पूनम यादव, आशा चौहान, कविता ग्वालानी, देवेन्द्र यादव, प्रमोद दुबे, सतनाम पनाग, कन्हैया अग्रवाल, संपत सिंह राजपूत, रामकुमार शुक्ला, मनमोहन सिंह ठाकुर, विकास तिवारी, अमीन मेमन, मनोज सिंह ठाकुर, सन्नी अग्रवाल, मनोज कंदोई, अशोक शर्मा, पुष्पेन्द्र परिहार, शिवनारायण द्विवेदी, सुमीत दास, सद्दाम सोलंकी, प्रगति बाजपेयी, ममता राय, पल्लवी सिंह, प्रेमचंद लोनावत, जीतेन्द्र अग्रवाल, दिनेश फूटान, सारिक रईस खान, राधा राजपाल, मतीन खान।

तेज रफ्तार कार की 3 वाहनों से भिड़ंत

2 बाइक में मुक्तांगन घूमने जा रहे दोस्तों को कार ने ठोका

रायपुर. नवा रायपुर के अभनपुर थाना क्षेत्र के बेंदरी गांव के पास एक भीषण सड़क हादसा हो गया है। जिसमें एक तेज रफ्तार कार ने दो बाइक समेत एक सवारी ऑटो को टक्कर मार दी। ये टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक चला रहे एक युवक की मौके पर मौत हो गई। साथ ही बाइक में पीछे बैठी युवती की हालत भी गंभीर बनी हुई है। इस घटना में कुल 10 लोग घायल हुए हैं। जिन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अभनपुर में भर्ती कराया गया है। फिलहाल पुलिस ने आरोपी कार चालक को हिरासत में ले लिया है। ये पूरी घटना मंगलवार दोपहर 3 बजे के आसपास की है। एक तेज रफ्तार कार रायपुर से धमतरी की ओर जा रही थी। तभी बेंदरी गांव के पास कार चालक ने रफ्तार में नियंत्रण खो दिया और अपने सामने चल रहे दो बाइकों को एक के बाद एक पीछे से टक्कर मार दी। जानकारी के मुताबिक एक बाइक में कोटा निवासी पवन सिंह अपनी दोस्त इशा नायक को बैठाकर चला रहा था। तो वही दूसरी दोपहिया को करण राठौर 2 अन्य युवतियों को बैठाकर चला रहा था। कार से टक्कर लगते ही

पवन सिंह की मौके पर मौत हो गई। साथ ही ईशा भी बुरी तरह घायल हो गई। उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। इसके अलावा दूसरे दोपहिया में सवार युवक युवतियां भी एक्सीडेंट से घायल हो गए है। कार दोपहिया गाड़ियों को टक्कर मारकर डिवाइडर के उस पार के लेन में चली गयी। तभी सामने अभनपुर से रायपुर की ओर आ रही सवारी ऑटो पर जा भिड़ी।

फाइनेंशियल एडवाइजर ध्रुव अग्रवाल ने कोनी स्थित बी एड कालेज में फाइनेंशियल प्लानिंग के बारे में की चर्चा

बिलासपुर। फाइनेंशियल एडवाइजर ध्रुव अग्रवाल द्वारा कोनी बिलासपुर बी एड कालेज में फाइनेंशियल प्लानिंग के बारे में काफी रोचक जानकारी दी।ध्रुव अग्रवाल पिछले 17 सालों से एक जाने माने फाइनेंशियल प्लानर है।एलआईसी के क्षेत्र में ध्रुव अग्रवाल एक बड़ा नाम है।आज के जीवन मे हर किसी को फाइनेंस की सुनियोजित योजना बनाने की आवश्यकता है।बढ़ती महंगाई के साथ अपनी सारी व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से चलाने का समय है।

बिना योजना बनाये एक

अच्छा जीवन भी नही चल सकता।

कोनी स्थित डी पी बी एड कॉलेज के लगभग 150 विद्यार्थी को श्री ध्रुव अग्रवाल द्वारा विभिन्न निवेशों के बारे में जानकारी दी जिसमें मुख्य रूप से जीवन बीमा , म्यूच्यूअल फण्ड , शेयर मार्किट के बारे में चर्चा की गई सांथ ही इस बात से भी अवगत कराया गया की धोखाधड़ी से किस प्रकार से बचा जाए। प्रथम सैलरी के छोटे से हिस्से से कैसे घर , शादी , बच्चों की उच्च शिक्षा एवं स्वयं के पेंशन का निर्माण किया जाता है इस बात पर सभी लोगों ने बहुत उत्साह दिखाया सांथ ही बीमा व्यवसाय को पार्ट टाइम व्यवसाय के रूप में अपनाकर किस प्रकार अतिरिक्त आय का निर्माण किया जा सकता है इस पर भी सकारात्मक चर्चा हुई उपरोक्त कार्यक्रम में कॉलेज की प्राचार्या श्रीमती श्रद्धा मिश्रा एवं वित्तीय सलाहकार मणिशंकर पटेल एवं अन्य शिक्षक उपस्थित थे।

रेलवे ने चार दिनों में 44 ट्रेनें की रद्द

रायपुर . रेलवे लगातार ट्रेनों को रद्द कर रहा है। शुक्रवार को रेलवे ने 24 ट्रेनों को रद्द कर दिया था। यात्रियों की मुश्किलें कम नहीं हुई थीं कि रेलवे ने मंगलवार को फिर ?20 ट्रेनों को एक साथ रद्द कर दिया है। ट्रेनों के रद्द होने से यात्री बहुत परेशान हो रहे हैं। रेलवे सूत्रों की माने तो पटरियों का काम हो जाने से ट्रेनों की स्पीड़ बढ़ जाएगी। इससे ट्रेनों के लेट होने का सिलसिला खत्म हो जाएगा।

सीएसाईडी के चेयरमैन आदिवासी नेता नंदकुमार साय ने 3 विधानसभा सीटों से पेश की दावेदारी

जशपुर। औद्योगिक विकास निगम अध्यक्ष आदिवासी नेता डॉ. नंदकुमार साय ने 3 विधानसभा सीटों से कांग्रेस टिकट की दावेदारी पेश की है. नंदकुमार साय ने पत्थलगांव, कुनकुरी और लैलूंगा विधानसभा सीट से दावेदारी की है. साय ने ब्लॉक कांग्रेस कमेटी को दावेदारी का आवेदन सौंप दिया है। डॉ. नंदकुमार साय के कांग्रेस में प्रवेश करते ही चर्चा होने लगी थी कि आखिर नंद कुमार साय किस विधानसभा सीट से अपनी दावेदारी पेश करेंगे. वहीं अब उन्होंने 3 विधानसभा सीटों से चुनाव लड़ने की इच्छा जताई है. नंद कुमार साय आदिवासी समाज के बड़े नेता हैं और आदिवासी इलाकों में उनकी अच्छी खासी पकड़ है. आदिवासी उनका काफी सम्मान भी करते है.अब देखना होगा की कांग्रेस पार्टी इन तीन सीटों में से उन्हें कौन से सीट से अपना उम्मीदवार बनाती है.

छत्तीसगढ़ में कल से एक्टिव होगा मानसून- कई जिलों में बरसेंगे बादल

रायपुर . छत्तीसगढ़ में दो दिन बाद 24 से 25 अगस्त के बीच उत्तरी भाग में बारिश की संभावना जताई गई है। मानसून के फिर एक्टिव होने के बाद दक्षिण भाग में भी वर्षा होगी। मंगलवार को रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर, अंबिकापुर और बाकी जिलों में सुबह से ही धूप निकली रही। बादल छंटने की वजह से तापमान भी बढ़ा है। आज भी मौसम इसी तरह बना रहेगा।

सेल्स मैनेजर की लाश घर पर फंदे से लटकती मिली

परिजन बोले- पत्नी ने मार डाला

रायपुर. छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में एक सेल्स मैनेजर ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। वो अपने कमरे के वेंटिलेशन में गमछा बांधकर फांसी पर झूल गया। जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई। मृतक के घरवालों का आरोप है कि उसने आत्महत्या नहीं की है बल्कि उसकी पत्नी ने उसे मारा है। फिलहाल पुलिस ने लाश को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। ये पूरा मामला पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र का है। रायपुर के भाटागांव स्थित

पानी टंकी के पास संजय कदम अपनी पत्नी नीलू कदम के साथ रहता था। दोनों ने लव मैरिज की थी। मंगलवार की शाम 5 बजे के करीब संजय ने फांसी लगा ली। जिसके बाद उसकी पत्नी ने पड़ोसियों के साथ मिलकर लाश को नीचे उतारा और चंगोराभाठा के एक निजी अस्पताल लेकर आ गईं। जहां डॉक्टरों ने उसकी मौत की पुष्टि कर दी।

मावलीभाटा स्वामी आत्मानंद स्कूल में मुख स्वास्थ्य एवं तम्बाखू नियंत्रण जागरूकता कार्यक्रम सम्पन्न

जगदलपुर। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आरके चतुर्वेदी के निर्देशन एवं जिला नोडल अधिकारी डॉ. ऋषभ साव के मार्गदर्शन में जिले के तोकापाल विकासखंड के स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मावलीभाटा में विद्यालयीन मुख स्वास्थ्य एवं तम्बाकू नियंत्रण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस बारे में ब्लॉक नोडल

अधिकारी डॉ अश्लेषा तिवारी ने बताया कि उक्त जागरूकता कार्यक्रम में तम्बाखू एवं तम्बाकू युक्त पान मसाले और अन्य पदार्थों से होने वाली बीमारियों एवं नुकसान के बारे में विस्तृत जानकारी देकर छात्र-छात्राओं एवं उनके अभिभावकों को तम्बाखू और तम्बाखूयुक्त पदार्थों का सेवन नहीं करने की समझाईश दी गयी। इसके साथ ही शिक्षक एवं छात्र-छात्राओं के समन्वय हेतु जागरुकता तथा 4 ए तथा 4 डी आयाम का कार्यपालन समझाया गया, जिसके पालन करने से व्यसनों के चंगुल से छुटकारा पाया जा सकता है। इस दौरान राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के मेडिकल टीम डॉ. मनोज, डॉ फातिमा के साथ विद्यालय में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन हुआ।

मसोरा में कोण्डागांव विकासखण्ड स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलंपिक का हुआ शुभारंभ

कोण्डागांव। कोण्डागांव विकासखण्ड हेतु विकासखण्ड स्तरीय छत्तीसगढ़िया खेल ओलंपिक का शुभारंभ के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मसोरा से किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष भगवती पटेल, जनपद पंचायत अध्यक्ष शिवलाल मंडावी, उपाध्यक्ष मनोज सेठिया

सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने कार्यक्रम में हिस्सा लिया। जिसमें छत्तीसगढ़ महतारी की पूजा-अर्चना कर छत्तीसगढ़िया खेल ओलंपिक में सभी खिलाड़ियों को उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर जन प्रतिनिधियों एवं शासकीय कर्मचारियों के मध्य रस्सा कसी का सदभावना मैच खेला गया। जिसमें पुरूष एवं महिला जनप्रतिनिधियों के दलों ने दोनों बार शासकीय कर्मचारियों को हराया। इस दौरान स्कूली बच्चों एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने कार्यक्रम में हिस्सा लिया।

बीजेपी में शामिल हुए सतनामी समाज के गुरु बालदास

रमन सिंह ने पहनाया गमछा, बेटे खुशवंत दास ने आरंग से पेश की टिकट की दावेदारी

रायपुर. सतनामी समाज के धर्म गुरु बालदास और उनके बेटे खुशवंत दास समेत सतनामी समाज के तीन धर्म गुरूओं ने बीजेपी का दामन थाम लिया है। बीजेपी प्रभारी ओम माथुर ने उन्हें सदस्यता दिलाई, साथ ही पूर्व CM रमन सिंह ने भी उन्हें बीजेपी का गमछा पहनाया। बीजेपी प्रवेश के साथ ही गुरु बाल दास ने अपने बेटे के लिए आरंग सीट से टिकट की दावेदारी भी पेश कर दी है।

गुरु बालदास और खुशवंत दास के साथ गुरु आसंभ दास, द्वारिका दास और सौरभ दास ने भी बीजेपी की सदस्यता ली है। इसके अलावा नगर पालिका अध्यक्ष देवराज जांगड़े, जनपद सदस्य दिनेश्वरी टंडन और विनोद साहू को भी पार्टी में प्रवेश कराया गया। इस दौरान प्रदेशाध्यक्ष अरुण साव, सांसद सुनील सोनी और बृजमोहन अग्रवाल समेत कई नेता मौजूद रहे।

विद्युत ठेका कर्मी समायोजन नहीं करने पर 25 को करेंगे काम बंद

कोरबा । विद्युत कंपनी में कार्यरत ठेका कर्मचारियों ने विभाग में समायोजन को लेकर 25 अगस्त को काम बंद हड़ताल की चेतावनी दी है। कर्मियों ने कहा है कि समस्या का निदान नहीं किया जाता है तो उग्र आंदोलन कर पूरी तरह काम बंद किया जाएगा।

विद्युत कंपनी के अंतर्गत वितरण, उत्पादन व पारेषण ट्रांसमिशन में कई कार्य ठेका पद्धति से संचालित किए जा रहे हैं। इन ठेकेदारों के अधीन के काफी संख्या में कर्मचारी कार्यरत हैं। जो संयंत्र के अंदर, सहायक सब स्टेशन आपरेटर, फ्यूज आफ काल, एई मेंटनेंस, कंप्यूटर आपरेटर, ड्राइवर, गार्ड व चपरासी जैसे पद पर कार्यरत हैं।

रीपा में गतिविधियों के संचालन एवं युवाओं को रोजगार प्रदान करने जिला पंचायत सीईओ ने दिये निर्देश

रीपा विकास के लिए जिला स्तरीय समीक्षा बैठक का हुआ आयोजन

कोण्डागांव। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत प्रेम प्रकाश शर्मा एवं जिला मिशन प्रबंधक विनय सिंह की अध्यक्षता में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन 'बिहान' अंतर्गत शासन की महत्वपूर्ण योजना महात्मा गांधी ग्रामीण औद्योगिक पार्क रीपा के संबंध में जिला स्तरीय समीक्षा बैठक का जिला पंचायत के सभा कक्ष में सोमवार को आयोजन किया गया। इस समीक्षा बैठक में विकासखण्ड परियोजना प्रबंधक, यंग प्रोफेशनल, रीपा मैनेजर, ग्राम पंचायतों से सरपंच एवं सचिव एवं युनिक मॉर्डन प्रोग्रेसिव

प्रशिक्षण संस्था की तकनीकी एजेंसी से निलोफर नबी उपस्थित हुए। उक्त तिथि रीपावार अधोसंरचना, गतिविधियों के उत्पादन, विक्रय, मशीनों की स्थापना के संबंध में एवं संलग्न उद्यमियों की जानकारी पर समीक्षा की गई। जिसमें बिन्दुवार चर्चा करते हुए मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत द्वारा दिशा निर्देश एवं कार्य को जल्द पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया। बैठक में जिला रीपा नोडल, विकासखण्ड नोडल अधिकारी एवं ग्राम पंचायत के सरपंच सचिवों को ग्रामीण स्तर पर बेरोजगार महिला स्व-सहायता समूह व्यक्तिगत हितग्राही, गुड़ी गतिविधि, सेवा गतिविधि एवं रीपा के सौदर्यीकरण हेतु निर्देशित करते हुए ग्रामीण युवाओं को ग्रामीण स्तर पर रोजगार प्रदान करते हुए आर्थिक स्थिति सुधार के संबंध में जानकारी दिया गया। ग्रामीण स्तर पर उत्पादन होने वाले आजीविका गतिविधि के आधार पर चयनित रीपा ग्राम में आजीविका गतिविधि संचालन किया जा रहा है। जिसमें रीपा पर चयनित गतिविधि के आधार पर उत्पादित सामग्री को लोकल एवं बड़े व्यापारियों से अनुबंध कराते हुए सामग्री का विक्रय हेतु तकनीकी सहायक एजेसी को आदेशित किया गया।

नेशनल हाईवे में खुले में मवेशी विचरण की सूचना के लिए हेल्प लाइन नंबर जारी

* खुले में पशुओं को छोड़ने वाले 35 पशुपालकों पर 35 हजार 500 रूपए का हुआ जुर्माना

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

सड़कों और नेशनल हाईवे में खुले घूमने वाले आवारा पशुओं से निजात दिलाने के लिए लगातार कार्य किया जा रहा है। पशुओं के गले में रेडियम बैंड लगाने और टैगिंग करने के साथ खुले में घूमने वाले पशुओं को गौशाला अथवा गौठान में विस्थापित भी किया जा रहा है। इसी क्रम में अब नेशनल हाईवे में पशुओं के खुले में विचरण की शिकायत व सूचना के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी किया गया है। जिसमें शहरी क्षेत्र के लिए नंबर 1100 पर कॉल कर सूचना दी जा सकती है। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों के लिए भी 70000-23061 मोबाइल नंबर जारी किया गया है। इसी तरह नेशनल हाईवे के ग्रामीण इलाकों के लिए विशेष नोडल अधिकारी बनाये गये है जिसमें खरसिया ब्लॉक के लिए मोबाइल नंबर 96694-65241, रायगढ़ ब्लॉक के लिए 94241-85427 एवं पुसौर ब्लॉक के लिए मोबाइल नंबर

62611-62293 जारी किया गया है। कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा के निर्देश में पूरे जिले में खुले में विचरण करने वाले पशुओं के गले में रेडियम बैंड और टैगिंग का कार्य किया जा रहा है। अभी तक जिले में 2 हजार 17 पशुओं के गले में रेडियम बेल्ट और 2 हजार 156 पशुओं की टैगिंग किया गया है। इसी के साथ ही करीब 783 पशुओं को सड़कों से गौशाला, गौठान व अन्य जगहों पर शिफ्ट किया गया है। इसी के साथ ही नगर निगम द्वारा आवारा पशुओं एवं पशुओं को खुले में छोडने वाले पशुपालकों पर 35 हजार 500 रूपए जुर्माने की कार्यवाही भी की गई है।

उल्लेखनीय हैं कि कलेक्टर सिन्हा ने पालतू पशुओं को आवारा छोड़ने वालों पर कार्यवाही करने और अर्थदंड लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने पशुपालन विभाग के साथ नगर निगम आयुक्त को शहरी क्षेत्र में विशेष रूप से इस दिशा में कार्यवाही करने एवं नियमित मॉनिटरिंग के निर्देश दिए।

शहरी क्षेत्र में 1100 पर कॉल कर दे सकते है सूचना

पशुपालन विभाग द्वारा कार्यवाही करने के साथ ही पशुओं का उपचार भी किया जा रहा है। इसी प्रकार निगम द्वारा शहरी क्षेत्रों में अभियान के तहत आवारा मवेशियों पर कार्यवाही करते हुए काउ कैचर के माध्यम से सड़कों से आवारा मवेशियों को संबलपुरी गोठान में विस्थापित कर, पशुओं को खुले में छोड़ने वाले पशुपालकों पर जुर्माने की कार्यवाही की जा रही है।

पशुओं को खुले में छोड़ने पर कलेक्टर ने अर्थदण्ड की कार्यवाही का जारी किया है आदेश

कलेक्टर सिन्हा जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में आवारा घूम रहे पशुओं के पालकों पर कड़ाई से कार्यवाही किए जाने हेतु आदेश जारी किया है। जारी आदेश में पशु अतिचार अधिनियम 1871 के अंतर्गत सार्वजनिक स्थानों में विचरण कर रहे पशुओं को कांजी हाउस में बंद कर पशुपालक के विरूद्ध धारा 12 के तहत अर्थदण्ड अधिरोपित किए जाने का प्रावधान है।

जिला अंतर्गत ग्राम पंचायत सचिव को इसके लिए अधिकृत किया जाता है कि वे छ.ग.पंचायत राज अधिनियम, 1993 एवं पशु अतिचार अधिनियम, 1871 में निहित धाराओं एवं नियमों के तहत अपने ग्राम पंचायत क्षेत्र में खुले में पशुओं द्वारा फसलों की चराई करने, सड़कों, उद्यानों एवं सार्वजनिक स्थलों में विचरण करते पाए जाने पर निकटतम कांजी हाउस में भेजकर पशुपालकों पर अर्थदण्ड की कार्यवाही की जावे। पशु अतिचार अधिनियम, 1871 के तहत पशुपालकों अधिकतम एक हजार रूपए एवं पुनरावृत्ति की दशा में राशि 500 रूपए जुर्माना का प्रावधान है। उन्होंने सभी ग्राम पंचायत सचिव को कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

चंद्रयान-3 की लैंडिंग को लेकर डेमो के माध्यम से स्कूल में छात्र-छात्राओं को दी जानकारी

जोहार छत्तीसगढ़-सीतापुर।

देशभर में चंद्रयान 3 की लैंडिंग को लेकर उत्साह का माहौल बना हुआ है इसी क्रम में शासकीय प्राथमिक शाला महारानीपुर विकासखंड मैनपाट के शिक्षक अरविंद गुप्ता ने अपने स्कूल के छात्रए

छात्राओं को चंद्रयान-3 के लर्निंग को लेकर स्कूल में डेमो के माध्यम से चंद्रयान 3 किस तरह से अंतरिक्ष में लैंडिंग करने वाला है जिसकी जानकारी अपने स्कूल के बच्चों को दी, जिससे स्कूल के छात्र-छात्राओं में काफी उत्साह नजर आया, इस अभियान की सफलता के लिए जगह-जगह धार्मिक अनुष्ठान व अन्य कार्यक्रम भी किए जा रहे हैं।

बूढ़ापारा से युवक की बाइक पार

रायपुर । कोतवाली थाना क्षेत्र के परफेक्ट टॉवर में पास से एक युवक की बाइक अज्ञात चोर ने पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफजुर्म दर्ज कर प्रकरण जांच में लिया है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि प्रार्थी कमलेश साहू पिता सुखनंद साहू 28 वर्ष निवासी महोबाबाजार आमानाका ने शिकायत दर्ज कराया कि प्रार्थी 13 तारीख को अपनी मोटर साइकिल क्रमांक सीजी 04 एम एल / 4434 लेकर बूढ़ापारा किसी काम से आया हुआ था। यहां किसी अज्ञात चोर ने प्रार्थी की बाइक अनुमानित कीमत करीब 25 हजार रूपए पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ जुर्म दर्ज कर प्रकरण जांच में लिया है।

एक नजर

छ.ग. पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष सारंगढ़ में 24 अगस्त को लेंगे बैठक

सारंगढ़ कलेक्ट्रेट में होगा बैठक और प्रेसवार्ता

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़-बिलाईगढ़।

छत्तीसगढ़ राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्षए कैबिनेट मंत्री दर्जा थानेश्वर साहू और उपाध्यक्ष, राज्यमंत्री दर्जा, आरएन वर्मा 24 अगस्त को सारंगढ़ जिले के दौरे पर रहेंगे। इनके साथ सचिव छत्तीसगढ़ राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग बीरू कुमार साहू एवं कार्यालयीन स्टॉफ भी आएंगे। दौरा कार्यक्रम के अनुसार अध्यक्ष व उपाध्यक्ष का विश्राम गृह यसर्किट ध्रेस्ट हाउस, सारंगढ़ में सुबह 11.30 बजे आगमन होगा। दोपहर 12 बजे पिछड़ा वर्ग के जनप्रतिनिधियों से भेंट व चर्चा करेंगे। शाम 4 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में प्रेसवार्ता होगा। इसी प्रकार दोपहर 2 बजे कलेक्टेट सभाकक्ष सारंगढ़ में जिला स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेंगे। शाम 5 बजे कार द्वारा सारंगढ़ से चंद्रपुर के लिए रवाना होंगे।

कोर्ट ने एएसआई समेत 4 आरोपियों को 6 दिन के रिमांड पर भेजा

ईडी ने सभी आरोपियों को किया था पेश

रायपुर। प्रवर्तन निदेशालय (ED) ने ASI समेत 4 आरोपियों को आज रायपुर के स्पेशल कोर्ट में अजय सिंह राजपूत के कोर्ट पेश किया है. कोर्ट ने मामले में सुनवाई करते हुए सभी आरोपियों को 6 रिमांड में भेज दिया है. यह मामला महादेव सट्टा एप और मनी लांड्रिंग से जुड़ा हुआ है.

दो दिन पहले ED ने प्रदेश के दो जिलों रायपुर और भिलाई में छापेमारी की कार्रवाई की थी. जिसमें ईडी ने वकील, पुलिस, ट्रांसपोर्टर, सीए और जमीन कारोबारियों को अपने शिकंजे में लिया है. वहीं बुधवार को ईडी ने गिरफ्तार ASI चंद्रभूषण वर्मा, सतीश चंद्राकर, अनिल दमानी, सुनील दमानी को कोर्ट में पेश

किया. चंद्रभूषण वर्मा रायपुर में डिस्ट्रिक्ट क्राइम रिकार्ड ब्यूरो (डीसीआरबी) में पदस्थ था. जिसे कुछ दिन पहले ही बीजापुर भेजा गया था. कोर्ट में सभी आरोपियों को 6 दिन की रिमांड में भेज दिया है. ईडी के वकील सौरभ पांडे ने बताया कि महादेव एप से आरोपियों ने बेटिंग करवा करके बहुत सारा पैसा कमाया है. हवाला के थ्रू न सिर्फ इंडिया में बहुत अलग-अलग लोगों को पैसा ट्रांसफर किया गया है. विदेश में भी इसका ट्रांसफर हुआ है.

उसे रिलेटेड एक एफआईआर मोहन नगर थाना दुर्ग में दर्ज की गई थी. जिसके अंतर्गत मनी लांड्रिंग इन्वेस्टिगेशन प्रारंभ किया गया. एक ईसीआईआर रजिस्टर करके 2022 में उसका इन्वेस्टिगेशन चल रहा था. इसमें जो कुछ प्रारंभिक परिणाम आए. उसके संबंध में कुछ लोगों को पूछताछ के लिए बुलाया गया. कुछ लोगों के घर में सर्चिंग किया गया. इस बीच जो कुछ नजीते सामने आए उसमें ऐसी आवश्यकता पड़ी की 4 लोगों को कस्टडी में ले करके और उनसे सघन पूछताछ की गई. मामलेमें और सर्च करने की आवश्यकता है इसके लिए चार लोगों को कोर्ट में पेश कर स्टडी में लिया गया है.

वकील सौरभ पांडे ने बताया हमने 14 दिन के रिमांड की मांग की थी. लेकिन न्यायालय ने दोनों पक्षों के तर्कों को सुनने के बाद 6 दिन की कस्टडी हमको दी है. अब सभी आरोपियों को 29 अगस्त को रिमांड खत्म होने पर कोर्ट में पेश किया जाएगा.

सूने घर से 1.60 लाख की चोरी

रायपुर । सिविल लाईन क्षेत्र के रविनगर राजातालाब इलाके के एक सूने मकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोर ने सोने-चांदी के जेवरात, 40 हजार नगदी सहित कुल 1 लाख 60 हजार रूपए का सामान पार कर दिया। पुलिस सूत्रों ने बताया कि प्रार्थी अनिल विनायक देशपांडे निवासी रवि नगर ने शिकायत दर्ज कराया कि घटना दिनांक 13 अगस्त की शाम प्रार्थी कुछ काम से बाहर गया हुआ था।

इंदिरा प्रियदर्शनी बैंक घोटाला

बैंक खाते में जमा हुए डेढ़ करोड़ रुपए, खाताधारकों को जल्द वापस की जाएगी राशि

रायपुर। प्रदेश में बहुचर्चित इंदिरा प्रियदर्शनी बैंक घोटाले के खाताधारकों के लिए अच्छी खबर है. चिटफंड कंपनी के ठगे गए ग्राहकों की तरह अब इंदिरा बैंक के खातेदार को भी रकम वापसी की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी।

पुलिस की कार्यवाही और नोटिस के बाद अब तक तीन से चार कंपनियों ने बैंक के खाते में लगभग डेढ़ करोड़ रुपए जमा कर दिए हैं. इसके चलते उन खातेदारों की सूची बनाई जा रही है, जिन्हें रकम लौटाना है. इस मामले में एक बड़ा खुलासा हुआ है, जिसमें लगभग 300 खाता धारक नहीं मिल रहे हैं. वहीं कुछ खाता धारक बैंक में रकम डूबने के बाद शहर छोड़कर चले गए. इन सबका पता लगाया जा रहा है, ताकि संबंधित रकम को लौटाया जा सके. पुलिस की जांच में छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र के जिन 35 कंपनियों के नाम वित्तीय गड़बड़ी में शामिल हुए थे, उनके सभी डायरेक्टर रायपुर में ही हैं.

बताया जा रहा कि इस बैंक घोटाले से जुड़े नीरज जैन ने अलग-अलग कंपनियों के नाम से 20 लाख से 2 करोड़ तक का क्रेडिट लिमिट बनाया और लिमिट के पैसों से सभी कंपनियों के नाम से शेयर खरीदे थे. मामले की जांच को लेकर लगातार सिटी कोतवाली थाना में संबधित लोगों से पूछताछ कर रही है. इस मामले की जानकारी देते हुए सिटी कोतवाली थाना प्रभारी विनीत दुबे ने बताया कि लगभग 1 करोड़ 45 लख रुपए इंदिरा प्रियदर्शिनी दर्शनी के खाते में वापस जमा हो चुके हैं।

बैंक में थे 30 हजार खाताधारक

थाना प्रभारी ने बताया, अभी 30 से 35 लोगों को नोटिस जारी किया गया है. प्रकरण बहुत पुराना है. 30 हजार खाता धारक पूरे बैंक में थे, जिसमें से कुछ खाताधारकों के एड्रेस बदल गए हैं. कोई कहीं चले गए हैं. ऐसे लोगों के एड्रेस ढूंढ कर पता किया जा रहा है. वहीं प्रियदर्शनी मामले में जिस भी कंपनी के बारे में जानकारी नहीं थी उन कंपनियों के बारे में जानकारी एकत्रित की जा रही है कि किन फर्जी कंपनी के खाते से पैसे कहां गए हैं. अभी विवेचना चल रही है और लगभग 1 करोड़ 45 लख रुपए इंदिरा प्रियदर्शिनी के खाते में वापस जमा हो चुके हैं.

टमाटर होने लगा सस्ता तो रुलाने लगी प्याज

रायपुर। बीते लगभग दो महीने से टमाटर की महंगाइ से त्रस्त आम उपभोक्ताओं को रुलाने के लिए अब प्याज तैयार हो रही है। एक ओर सब्जी बाजार में टमाटर के दाम लगातार सस्ते होते जा रहे हैं, वहीं प्याज की कीमतों में तेजी आ रही है।

थोक सब्जी बाजार में टमाटर 25 रुपये किलो और चिल्हर में 40 से 45 रुपये किलो तक बिका। वहीं प्याज की कीमतें भी 35 से 40 रुपये किलो हो गई है।



हालांकि आलू की कीमतों में स्थिरता बनी हुई है। कारोबारियों का कहना है कि प्याज की आवक थोड़ी प्रभावित हुई है,इसके चलते ही कीमतों में तेजी है। मंगलवार को गोलबाजार, आमापारा, शास्त्री बाजार, संतोषीनगर सब्जी बाजार में टमाटर 40 रुपये किलो, बैगन 35 रुपये किलो, लौकी 20 रुपये किलो, गोभी 70 रुपये किलो, परवल 40 रुपये किलो, भिंडी 40 रुपये किलो तक बिका। सब्जी कारोबारियों का कहना है कि अब सब्जियों की आवक में काफी सुधार हो गया है, विशेषकर टमाटर की आवक काफी बढ़ गई है। आने वाले दिनों में इसकी कीमतों में और गिरावट आएगी। साथ ही दूसरी सब्जियों के दाम भी घटेंगे।

राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम में लिया गया सामूहिक मतदाता शपथ

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़-बिलाईगढ़।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रकाश भारद्वाज एवं सीएमएचओ डॉ.एफ.आर. निराला ने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र गोड़म में संयुक्त रूप से शिविर का आयोजन किया। इस शिविर में मतदाता जागरूकता अभियान व राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम रखा गया था। शिविर में निष्पक्ष मतदान के लिए सामूहिक शपथ लिया गया। उप निर्वाचन अधिकारी भारद्वाज ने शिविर में आए सभी लोगों को जानकारी दी कि आगामी निर्वाचनों में निष्पक्ष मतदान जरूर करें। सभी अपने मताधिकार का प्रयोग बिना किसी दबावए प्रलोभन के

स्व.विवेक से करें। भारत निर्वाचन आयोग के इस कार्य में सभी नागरिक जागरूक बनकर अपने कर्त्तव्य का पालन करें साथ ही साथ अपने से जुड़े लोगों को मतदान के अधिकार के बारे में जानकारी दें। डॉ. निराला ने उपस्थित मरीज एवं ग्रामीणों को बताया कि कुष्ठ बीमारी का इलाज पूर्णत नि:शुल्क है। सभी मरीज अपना इलाज शासकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं सामुदायिक केन्द्रों सहित जिला व राज्य के अस्पतालों में स्वेच्छानुसार करा सकते हैं। इस अवसर पर बीएमओ डॉ. सिदार, डीपीएम ईजारदार, मीडिया प्रतिनिधि दीपक थवाईत,गौतम बंजारे,मिलन महंत सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

मतदाता जागरूकता अंतर्गत किया गया नववधुओं का सम्मान व सामूहिक मतदाता शपथ

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़-बिलाईगढ़।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी के निर्देश पर महिला एवं बाल विकास विभाग और राष्ट्रीय आजीविका मिशन बिहान द्वारा संयुक्त रूप से बिलाईगढ़ विकासखंड के पवनी में नववधुओं के लिए सम्मान

समारोह एवं मतदाता शपथ का आयोजन किया गया। नोडल अधिकारी पंचायत हरिशंकर चौहान की अगुवाई में नववधुओं ने मतदाता शपथ ली। कार्यक्रम में नववधुओं ने स्वरचित कविता पाठकर मतदान के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर मतदाता जागरूकता अंतर्गत नववधुओं का सम्मान किया गया। सभी ने सारंगढ़.बिलाईगढ़ सब्बो जाबो वोट देहे बर नारा का सामूहिक उद्घोष किया।

गिप्पी ग्रेवाल ने किया अपनी नई फिल्म मौजां ही मौजां का ऐलान, पहला पोस्टर भी जारी

पंजाबी सिनेमा के जाने-माने अभिनेता और गायक गिप्पी ग्रेवाल ने कैरी ऑन जट्टा 3 की सफलता के बाद अपनी नई फिल्म का ऐलान कर दिया है, जिसका नाम मौजां ही मौजां है। फिल्म का पहला पोस्टर भी सामने आ चुका है, जिसे प्रशंसकों का बेशुमार प्यार मिल रहा है।इसके साथ निर्माताओं ने मौजां ही मौजां की रिलीज तारीख से भी पर्दा उठा दिया है।

गिप्पी ने इंस्टाग्राम पर मौजां ही मौजां का पोस्टर साझा किया है। उन्होंने लिखा, मौजां ही मौजां का फर्स्ट लुक आया है। सिनेमाघरों में मिलते हैं 20 अक्टूबर को।मौजां ही मौजां का निर्देशन स्मीप कांग द्वारा किया जा रहा है, जबकि अमर दीप ग्रेवाल द्वारा फिल्म के निर्माता हैं।इसके अलावा गिप्पी शेरां दी कौम पंजाबी में नजर आएंगे।

इमोशनल रोल से खुद को दूर रखना चाहती हैं जान्हवी कपूर

जान्हवी कपूर ने बवाल में वरुण धवन के साथ जबरदस्त परफॉर्मेंस दी. एक्ट्रेस ने धड़क में एक शानदार किरदार के साथ शुरुआत बॉलीवुड में डेब्यू किया. रोमांटिक किरदारों के अलावा, जान्हवी ने मिली, गुंजन सक्सेना और कई अन्य फिल्मों में काम किया है. जान्हवी ने यादगार परफॉर्मेंस देकर खुद को एक सशक्त एक्ट्रेस के रूप में स्थापित किया है. बवाल एक्ट्रेस ने अब अपने करियर में आगे चलकर कॉमेडी करने और ग्लैमरस रोल प्ले करने का फैसला किया है.

जान्हवी ने धड़क में अपने प्रदर्शन के बाद ग्लैमरस भूमिकाएं चुनने की उम्मीदों को खारिज कर दिया है. उनका मानना है कि इस तरह की भूमिकाएं लोकप्रियता हासिल करने और अभिनेताओं की पहुंच बढ़ाने के लिए काफी शक्तिशाली होती हैं. उन्होंने कहा, वे भूमिकाएं बहुत संतोषजनक हैं. लेकिन अब मैं उन कहानियों को बताने से थोड़ा संतृप्त महसूस करता हूं जिनमें इतना दर्द और उथल-पुथल शामिल है.

एक एक्ट्रेस के रूप में खुद को तलाशने और अपनी टैलेंट को परखने के लिए वह चैलेंजिग रोल प्ले करना चाहती हैं. पारंपरिक और ग्लैमरस भूमिकाएं चुनने के बारे में, जान्हवी ने कहा, मैं स्क्रीन पर अच्छी दिखना चाहती हूं और थोड़ा डांस करना चाहती हूं क्योंकि इस यात्रा के दौरान कहीं न कहीं, मैं भूल गई कि जो स्वाभाविक रूप से मेरे लिए सबसे अधिक आता है. इसलिए, मुझे लगता है कि अब समय आ गया है कि मैं कुछ समय के लिए अपनी नेचुरल अवस्था में वापस जाऊं.

जान्हवी ने बवाल में अपने अलग किरदार से अपने फैंस और फॉलोअर्स को काफी प्रभावित किया था. वरुण धवन के साथ स्क्रीन साझा करने के बाद, एक्ट्रेस ने एक कैमियो से अपने फैंस को आश्चर्यचकित कर दिया. जान्हवी ने रणवीर सिंह के साथ रॉकी और रानी की प्रेम कहानी के एक गाने में ठुमके लगाए. वह मिस्टर एंड मिसेज माही में राजकुमार राव के साथ एक्टिंग करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं. यह फिल्म 24 मार्च, 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।

शॉर्ट ड्रेस में नोरा फतेही ने लगाया हॉटनेस का तड़का

किलर अंदाज पर दिल हार गए फैंस

बॉलीवुड एक्ट्रेस और डांसिंग क्वीन नोरा फतेही आए दिन अपनी बोल्ड और हॉट फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर अक्सर सोशल मीडिया का पारा हाई कर देती हैं। एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें फैंस के बीच शेयर करती हैं तो वो चंद ही मिनटों में वायरल होने लगती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपनी लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरों से फैंस को हैरान कर दिया है। इन तस्वीरों में उनकी बोल्डनेस थमने का नाम नहीं ले रही है। नोरा फतेही ने हाल ही में इंस्टाग्राम पर अपनी सीक्वल में तस्वीरें शेयर की हैं, जिसमें वो बेहद ही स्टनिंग नजर आ रही हैं। एक्ट्रेस नोरा फतेही जब भी अपनी तस्वीरें सोशल मीडिया पर पोस्ट करती हैं तो लोग उनके हर एक अंदाज पर दिल हार जाते हैं। इन तस्वीरों में आप देख सकते हैं नोरा ने ब्लू कलर का शॉर्ट ड्रेस आउटफिट पहना हुआ है। एक्ट्रेस अपने इस लुक में बेहद ही शानदार दिखाई दे रही हैं। फैंस को भी उनका ये लुक काफी पसंद आ रहा है। नोरा फतेही ने इस फोटोशूट को करवाते हुए एक से बढ़कर एक किलर पोज दिए हैं। शॉर्ट हेयर ओपन कर के और साथ ही न्यूड मेकअप कर के एक्ट्रेस ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है। एक्ट्रेस नोरा फतेही सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। इंस्टाग्राम पर उनके फॉलोअर्स भी अच्छे खासे हैं। नोरा फतेही की इन तस्वीरों पर फैंस ने लाइक्स और कॉमेंट्स की जमकर बौछार कर दी है।

डिजिटल प्रीमियर के लिए तैयार है तेलुगू ड्रामा फिल्म ब्रो

टॉलीवुड सुपरस्टार पवन कल्याण और साई धर्म तेज की फिल्म ब्रो को सिनेमाघरों में मिली-जुली प्रतिक्रिया मिली। यह फिल्म 28 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज की गई थी। लेकिन अब यह फिल्म अपने डिजिटल प्रीमियर के लिए तैयार है।

अब यह फिल्म 25 अगस्त 2023 को नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी। फिल्म की ओटीटी रिलीज की तारीख की घोषणा नेटफ्लिक्स इंडिया के इंस्टाग्राम पर की गई, जिसने तस्वीर का एक पोस्टर जारी किया और कैप्शन दिया : समय कीमती है, लेकिन इस बार यह शक्तिशाली है। समुथिरकानी द्वारा निर्देशित तेलुगू भाषा की अलौकिक-फंतासी-कॉमेडी-ड्रामा फिल्म 2021 की तमिल फिल्म विनोदया सीथम का रूपांतरण है, जिसका कंटेंट समान था। जबकि विनोद्या सीथम बॉक्स ऑफिस पर सफल रही, वहीं ब्रो इतनी सफल नहीं रही। रीमेक होने के लिए ब्रो की काफी आलोचना की गई, क्योंकि तेलुगु सिनेमा अपनी रचनात्मकता के लिए प्रसिद्ध है। अन्य लोगों ने मूल तमिल फिल्म को अपनाने के इसके अधिक अनूठे दृष्टिकोण के लिए इसकी प्रशंसा की। यह फिल्म मजबूत रचनात्मक हास्य के साथ अलौकिक तत्वों को जोड़ती है, जिससे यह एक अनोखी और दिलचस्प घड़ी बन जाती है, जिसे अधिकांश दर्शकों ने स्वीकार किया है। ब्रो के पास ज्यादा व्यापक अपील नहीं थी। यह तेलुगू भाषी क्षेत्रों में सिमट गई, तमिल क्षेत्रों में कुछ सफलता मिली और कर्नाटक और केरल में बहुत कम या कोई सफलता नहीं मिली।

सनी देओल की गदर 2 की कमाई 400 करोड़ रुपये की ओर, ओमजी 2 ने भी किया कमाल

सनी देओल और अमीषा पटेल-स्टारर 'गदर 2' इंडियन बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा रही है.अनिल शर्मा द्वारा निर्देशित इस कमिर्शियल पॉटबॉयलर का क्रेज रिलीज के 10 दिन बाद भी ऑडियंस के सिर चढ़कर बोल रहा है और इसी के साथ ये फिल्म जमकर कलेक्शन भी कर रही है. वहीं 'गदर 2' के साथ रिलीज हुई अक्षय कुमार स्टारर 'ओएमजी 2' भी बॉक्स ऑफिस पर जमकर कमाई कर रही है. दोनों ही फिल्मों के कलेक्शन में इस वीकेंड पर जबरदस्त उछाल आया. चलिए यहां जानते हैं 'गदर 2' और ओएमजी 2 ने अपनी रिलीज के 10वें दिन कितने करोड़ का कारोबार किया है.

सलमान ने करण जौहर की फिल्म के लिए बदला लुक? बनेंगे सेना के अफसर

सलमान खान बिग बॉस ओटीटी 2 के खत्म होने के बाद अपनी आगामी फिल्मों की तैयारी में जुट गए हैं।अभिनेता टाइगर 3 के साथ दिवाली के मौके पर धमाका करने वाले हैं, वहीं वह 25 साल बाद करण जौहर की फिल्म में नजर आएंगे। अब अभिनेता का नया लुक सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।इससे देखकर कयास लगाए जा रहे हैं कि यह करण की फिल्म के लिए है, जिसमें सलमान सेना के अफसर का किरदार निभाएंगे। दरअसल, सलमान बीती रात एक पार्टी में अपने नए लुक में नजर आए थे। इसके बाद से ही अभिनेता की तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं।सलमान का यह लुक करण और शेरशाह के निर्देशक विष्णु वर्धन की फिल्म के लिए बताया जा रहा है, जिसमें वह एक सेना के अधिकारी के किरदार में होंगे।सलमान टाइगर 3 के बाद इसी फिल्म पर काम शुरू करने वाले हैं, जिसकी उन्होंने तैयारी भी शुरू कर दी है। सूत्र से मिली जानकारी के अनुसार, शेरशाह की तरह ही वर्धन की यह फिल्म भी सेना की पृष्ठभूमि पर आधारित है।सूत्र का कहना है कि वर्धन को शेरशाह के लिए दर्शकों से बहुत प्यार मिला। यहां तक कि कई सैन्य अधिकारियों और उनके परिवारों ने भी इसे पसंद किया था।

खेल

पाकिस्तान ने तीन मैचों की वनडे सीरीज के पहले मुकाबले में अफगानिस्तान को 142 रन से हरा दिया। श्रीलंका के हंबनटोटा स्टेडियम में पाकिस्तान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी चुनी। पाकिस्तान टीम ने पहले बैटिंग करते हुए 47.1 ओवर में 201 रन बनाए। वहीं, अफगानिस्तान टीम 19.2 ओवर में महज 59 रन पर ऑल आउट हो गई। पाकिस्तान के तेज गेंदबाज हारिस रउफ ने 18 रन देकर पांच विकेट लिए। उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। इस जीत के साथ ही पाकिस्तान ने तीन वनडे मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली है। सीरीज का दूसरा मुकाबला कल यानी 24 अगस्त को हंबनटोटा स्टेडियम में ही खेला जाएगा।

पहला वनडे...पाकिस्तान ने अफगानिस्तान को 142 रन से हराया

पाकिस्तान के लिए इमाम उल हक ने खेली 61 रनों की पारी

पहले बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तान टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही। टीम ने पहला विकेट 3 रन के स्कोर पर ही गवां दिया। पाकिस्तान के खिलाफ फखर जमान (2), बाबर आजम (0) और आगा सलमान (7) सस्ते में आउट हो गए थे।

हालांकि इमाम उल हक ने ओपनिंग करते हुए पाकी को संभाले रखा और उन्होंने शानदार 61 रनों की पारी खेली। इसके अलावा शादाब खान (39) और इफ्तिखार अहमद (30) ने भी महत्वपूर्ण पारियां खेली। अफगानिस्तान के लिए मुजीब उर रहमान ने तीन विकेट झटके। मोहम्मद नबी और राशिद खान ने दो-दो विकेट लिए। फजलहक फारूकी और रहमत शाह को एक-एक विकेट मिला।



अफगानिस्तान के 9 खिलाड़ी दहाई का आंकड़ा नहीं छू सके

पाकिस्तान से मिले 202 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी अफगानिस्तान की टीम की शुरुआत काफी खराब रही। टीम का पहला विकेट सिर्फ 3 रन के स्कोर पर गिर गया। इसके बाद तो लगातार विकेट गिरते चले गए।

अफगानिस्तान की आधी टीम सिर्फ 35 रन के स्कोर पवेलियन चली गई थी। अफगानिस्तान के लिए सिर्फ रहमानउल्ला गुरबाज (18) और अजमतउल्ला ओमारजई (16) ही दहाई का आंकड़ा पार सके। इस तरह अफगानिस्तान की पूरी टीम सिर्फ 19.2 ओवर में 59 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। पाकिस्तान के लिए रउफ ने पांच विकेट हासिल किए। हारिस ने 6.2 की ओवर की गेंदबाजी में सिर्फ 18 रन देकर 5 विकेट अपने नाम किए।

एक नजर

प्रगनानंद-कार्लसन फाइनल का पहला गेम 35 मूव के बाद ड्रॉ

वर्ल्ड कप में आज सेकेंड क्लासिकल गेम खेला जाएगा; उसके बाद फैसला

18 साल के भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रगनानंद और 5 बार के वर्ल्ड चैंपियन मैग्नस कार्लसन के बीच चल रहे FIDE वर्ल्ड कप के फाइनल मुकाबले का पहला क्लासिकल गेम ड्रॉ रहा है। तय 90 मिनट में 35 मूव के बाद दोनों खिलाड़ियों के बीच हार-जीत का फैसला नहीं हो सका। ऐसे में अब बुधवार को खिताबी मुकाबले का सेकेंड क्लासिकल गेम खेला जाएगा।

अजरबैजान के बाकू में चल रहे फाइनल मुकाबले के पहले गेम में भारतीय स्टार ने अपने हाई रैंक और दिग्गज प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ अपनी पकड़ बनाए रखी और सफेद मोहरों से खेलते हुए 35 चालों में ड्रॉ खेलने पर सहमत किया।

वर्ल्ड कप से पहले फ्लेमिंग-फोस्टर न्यूजीलैंड टीम के साथ जुड़े

फ्लेमिंग की कोचिंग में चेन्नई सुपर किंग्स IPL में जीत चुकी है पांच खिताब

वनडे वर्ल्ड कप से पहले न्यूजीलैंड टीम ने 3 देशों के 4 पूर्व खिलाड़ियों को अपने कोचिंग स्टाफ में शामिल किया है। टीम ने भारतीय माहौल का फायदा उठाने के लिए भारत और एशियाई देशों में काम कर चुके मेंबर्स को शामिल किया। कोचिंग स्टाफ में IPL की चेन्नई सुपर किंग्स (CSK) को 5 खिताब दिला चुके स्टीफन फ्लेमिंग के साथ ही कोलकाता नाइट राइडर्स के फील्डिंग कोच और असिस्टेंट कोच रह चुके जेम्स फोस्टर को भी शामिल किया है। इनके अलावा पाकिस्तान के पूर्व स्पिनर सकैलन मुश्ताक और इंग्लैंड के पूर्व बल्लेबाज इयान बेल को भी चार महीने के लिए कोचिंग स्टाफ में शामिल किया गया है।

2009 से फ्लेमिंग CSK के कोच

स्टीफन फ्लेमिंग 2009 से CSK टीम के कोच हैं। वहीं इससे पहले IPL के पहले एडिशन में चेन्नई टीम से खेल भी चुके हैं। फ्लेमिंग IPL में चेन्नई को 5 ट्रॉफी दिला चुके हैं। IPL में किसी भी टीम को सबसे ज्यादा खिताब दिलाने वाले कोच भी हैं। वह साल 2021 में UAE में हुए टी-20 वर्ल्ड कप के दौरान न्यूजीलैंड टीम के साथ काम कर चुके हैं। वर्तमान में वह द हंड्रेड में सदर्न ब्रेव के मेंस टीम के कोच हैं।

बांग्लादेश के इबादत हुसैन एशिया कप से बाहर:घुटने की चोट से रिकवर नहीं हो पाए, अनकैप्ड तंजीम हसन टीम में शामिल

तंजीम हसन ने ACC इमर्जिंग एशिया कप में लिए थे 9 विकेट

बांग्लादेश के तेज गेंदबाज इबादत हुसैन 30 अगस्त से शुरू हो रहे एशिया कप से बाहर हो गए। वे घुटने की चोट से रिकवर नहीं कर पाए हैं। इबादत को पिछले महीने अफगानिस्तान के खिलाफ वनडे सीरीज के दौरान घुटने में चोट लगी थी।

बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने जानकारी दी है कि इबादत की जगह 20 साल के अनकैप्ड तेज गेंदबाज तंजीम हसन को टीम में शामिल किया गया है। बोर्ड ने यह स्पष्ट नहीं किया है कि इबादत वर्ल्ड कप तक फिट हो पाएंगे या नहीं।

2022 में वनडे डेब्यू किया था

इबादत ने 10 अगस्त 2022 को जिम्बाब्वे के खिलाफ वनडे डेब्यू किया था। उन्होंने पिछले एक साल में 12 वनडे खेले और हर मैच में विकेट लिया। वाइट बॉल क्रिकेट में अब तक उनका प्रदर्शन शानदार रहा है। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड के फिजिशियन देबाशीष चौधरी ने कहा कि वर्ल्ड कप के लिए इबादत की रिकवरी को प्राथमिकता दी जा रही है। इसके लिए वे विदेश भी जा सकते हैं।

चोट के बाद इबादत 6 हफ्ते रिहैबिलिटेशन में रहे। इस दौरान हमने कई MRI किए। रिपोर्ट से पता चलता है कि उनका घुटना अभी भी पूरी तरह ठीक नही हुआ, इसलिए वे एशिया कप की टीम से बाहर हो गए हैं।

अनकैप्ड खिलाड़ी तंजीम हसन के पास 37 मैचों में 57 लिस्ट ए विकेट हैं। इसमें ACC इमर्जिंग मेन्स एशिया कप 2023 के तीन मैचों में हासिल किए नौ विकेट भी शामिल हैं। तंजीम 2020 अंडर-19 वर्ल्ड कप विनिंग टीम के हिस्सा थे। इसी स्क्वॉड में से तौहीद हृदोय, मृत्युंजय चौधरी, परवेज हुसैन, महमूदुल हसन जॉय, शमीम हुसैन और शोरफुल इस्लाम ने इंटरनेशनल क्रिकेट में डेब्यू कर चुके हैं।

भारतीय टीम एशिया कप में सबसे उम्रदराज

हमारे 7 खिलाड़ी 30 साल से ऊपर, औसत उम्र 29, पाकिस्तान से 3 साल ज्यादा

मुंबई। एशिया कप के लिए टीम इंडिया का ऐलान हो चुका है। भारतीय टीम टूर्नामेंट में सबसे उम्रदराज है। भारतीय खिलाड़ियों की औसम उम्र 29 साल है। कप्तान रोहित शर्मा (36 साल 113 दिन) भारतीय टीम के सबसे उम्रदराज खिलाड़ी हैं। टूर्नामेंट में हिस्सा लेने वाली अन्य टीमों में भी रोहित से ज्यादा उम्रदराज सिर्फ बांग्लादेश के कप्तान शाकिब अल हसन (36 साल 141 दिन) हैं। नेपाल के गुलशन झा 16वें एशिया कप के सबसे युवा खिलाड़ी होंगे। 22 साल की औसत उम्र के साथ उनकी टीम भी टूर्नामेंट की सबसे युवा टीम है।

इस स्टोरी में हम एशिया कप के लिए घोषित हो चुकी 4 टीमों का एज एनालिसिस पढ़ेंगे। यानी सभी टीमों में शामिल खिलाड़ियों की उम्र का लेखा-जोखा। श्रीलंका और अफगानिस्तान की टीमें सोमवार तक घोषित नहीं हुई थीं। लिहाजा उनके आकड़े इस स्टोरी में शामिल नहीं है।

1. भारतीय टीम के 7 खिलाड़ी 30 पार

टीम इंडिया के 7 खिलाड़ी 30 साल की उम्र पार कर चुके हैं। रोहित के अलावा, विराट कोहली (34 साल), रवींद्र जडेजा 34 (साल), सूर्यकुमार यादव (32 साल), मोहम्मद शमी (32 साल), केएल राहुल (31 साल) और शार्दूल ठाकुर (31 साल) 30 से ज्यादा उम्र के खिलाड़ी हैं। टीम में सबसे युवा खिलाड़ी तिलक वर्मा हैं।

निदेशक रंजीता रश्मि पहुंची तमनार के रीपा गौठान, समूह की महिलाओं का किया उत्साहवर्धन

गौठान में संचालित आजीविका गतिविधियों की सराहना

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

जल शक्ति अभियान की नोडल अधिकारी रंजीता रश्मि रायगढ़ प्रवास के दूसरे दिन ग्राम पंचायत तमनार के रीपा गौठान पहुंची। यहां उन्होंने संचालित विभिन्न आजीविका गतिविधियों की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने उद्यमियों से मुलाकात करते हुए आजीविका गतिविधियों की सराहना। उन्होंने स्व-सहायता समूह की महिलाओं से मिलकर उनका उत्साहवर्धन भी किया।

निदेशक रंजीता रश्मि ने महुआपाली में उद्यानिकी विभाग एवं नरेगा अभिसरण से स्वीकृत वृक्षारोपण कार्य का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। ग्राम पंचायत देवगढ़ में अमृत सरोवर और नरेगा से स्वीकृत कुआं कार्य को देखते हुए हितग्राही सहनीराम सिदार, मायाराम सिदार से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने योजना से उनके जीवन में आए परिवर्तन को जानने के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में हो रहे बदलाव को लेकर चर्चा की। निदेशक रंजीता रश्मि घरघोड़ा विकास खण्ड के ग्राम पंचायत झाड़ियापाली में अमृत सरोवर और ग्राम पंचायत भालूमार में जल जीवन मिशन कार्य का अवलोकन किया। इसी तरह उन्होंने रायगढ़ जनपद के अंतर्गत ग्राम पंचायत जुनवानी में वन विभाग के मिनी चेक डैम तथा जुर्डा ग्राम पंचायत के मियाबाँकी प्रोजेक्ट को भी देखी।

इस दौरान डिप्टी कलेक्टर रेखा चन्द्रा, सीईओ जनपद पंचायत तमनार वीरेन्द्र कुमार राय, अतिरिक्त जनपद सीईओ मदन साहू, कार्यक्रम अधिकारी प्रफुल्ल किण्डो, एपीओ राजेश शर्मा, जिला तकनीकी समन्वयक आशुतोष श्रीवास्तव जिला प्रोग्रामर अभिषेक दण्डेकर एवं संबंधित विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

निर्वाचन का कार्य महत्वपूर्ण रखे विशेष ध्यान-कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा

मतदान केन्द्रों का निरीक्षण कर मूलभूत सुविधाएं करें सुनिश्चित

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी तारन प्रकाश सिन्हा ने आज सृजन सभा कक्ष में आगामी विधानसभा निर्वाचन संबंध में सेक्टर अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में कलेक्टर सिन्हा ने कहा कि निर्वाचन का कार्य अति महत्वपूर्ण है, निर्वाचन के कार्य में कही भी लापरवाही नहीं होनी चाहिए, इसका सभी विशेष ध्यान रखें।

कलेक्टर सिन्हा ने सभी सेक्टर अधिकारियों को उनके दायित्वों की जानकारी देते हुए, कहा कि निर्वाचन में सेक्टर अधिकारियों की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी होती हैं। अत: सभी सेक्टर अधिकारी गंभीरता पूर्वक कार्य करें। कलेक्टर सिन्हा ने सभी सेक्टर अधिकारियों से कहा कि आपकी जिस क्षेत्र में ड्यूटी लगाई गई हैं, उन क्षेत्रों के मतदान केंद्रों का निरीक्षण करें एवं सभी सुविधाएं सुनिश्चित करें। उन्होंने नवीन मतदान केंद्र के संबंध में जानकारी देते हुए कहा कि मतदान केंद्रों की दूरी, पहुच मार्ग, वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित कर सेक्टर मैंप तैयार करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने मतदान केंद्र परिर्वतन, भवन परिवर्तन, नाम परिवर्तन के संबंध में लोगों को जानकारी देने के निर्देश दिए। उन्होंने मतदान केंद्रों में पेयजल, विद्युत, बैठक, शौचालय जैसे सुविधाएं सुनिश्चत करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी सेक्टर अधिकारियों को ईवीएम की जानकारी रखने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्वाचन पुस्तिका को पढ़ने एवं निर्वाचन आयोग के साइट में उपलब्ध जानकारी से अपडेट रहने के निर्देश दिए।

कलेक्टर सिन्हा ने शेडो एरिया वाले मतदान केन्द्रों के लिए कम्यूनिकेशन प्लान के तहत् लैण्डलाइन, वायरलेस इसी प्रकार भौगोलिक बाधा वाले मतदान केन्द्रों तक पहुंचने के लिए पहुंच मार्ग हेतु विस्तृत कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कम एवं औसत मतदान वाले केन्द्रों में स्वीप गतिविधियों के माध्यम से मतदान के लिए प्रेरित करने के निर्देश दिए। जिससे उन मतदान केन्द्रों में शत-प्रतिशत वोटिंग हो सकें। उन्होंने मतदान केन्द्रों के आसपास राजनैतिक दलों के बैनर पोस्टर न हो सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान कलेक्टर श्री सिन्हा ने क्रिटिकल एवं वल्नारेबल मतदान केन्द्रों के संबध में जानकारी दी।

इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी ऋतु हेमनानी, एसडीएम रायगढ़ गगन शर्मा, एसडीएम खरसिया रोहित सिंह, एसडीएम धरमजयगढ़ डिगेश पटेल, सेक्टर अधिकारी उपस्थित थे।

अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें - भाजपा जिला उपाध्यक्ष अमर सुल्तानिया

जांजगीर । जांजगीर चाम्पा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम किरीत में भारतीय जनता पार्टी एवं भारतीय जनता युवा मोर्चा प्रदेश संगठन के आहवान पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष अमर सुल्तानिया जी ने नवमतदाताओं को अभिनंदन पत्र देकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष अमर सुल्तानिया जी ने नवमतदाताओं कों मतदान का महत्व बताते हुए कहा कि कहा कि भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है देश का कोई भी नागरिक जो 18 वर्ष की उम्र पूर्ण कर चुका हो उसे मतदान करने का अधिकार प्राप्त हो जाता है हमें अपने मत का अनिवार्य रूप से उपयोग करना चाहिए, क्योकि सरकार बनाने में नवमतदाओं का अहम योगदान होता है इसलिए सही व स्वच्छ सरकार बनाने के लिए मतदान करना आवश्यक हैं, मतदान लोकतंत्र का महत्वपूर्ण हिस्सा है हर व्यक्ति का कर्तव्य है कि वह अपने मताधिकार का उपयोग करें। अपने पहले मताधिकार प्राप्त होने से नवमतदाताओं में काफी उत्साह देखने को मिला एवं साथ ही सभी नवमतदाताओं को उनके मताधिकार को लेकर भाजपा जिला उपाध्यक्ष अमर सुल्तानिया जी ने शुभकामनाएं दी। नवमतदाता राहुल चन्द्राकर, आलोक चंद्रा, मोहन चन्द्रा, अजय कश्यप, अक्षय चन्द्रा, रामरतन कुर्रे, लोमेश चन्द्रा, फिरत यादव, उमेश साहू, अर्जुन चन्द्रा, डालेश्वर चन्द्रा, भुपेन्द्र चन्द्रा, डेविड महंत, रवि चन्द्रा, लखन कुर्रे, लकेश्वर साहू, अमृतलाल चन्द्रा, किशोर चन्द्रा, हिरेन्द्र चन्द्रा को अभिनंदन पत्र देकर सम्मान किया गया।

एक नजर

रक्षाबंधन के बाद भाजपा के 32 प्रत्याशियों की दूसरी सूची होगी जारी

रायपुर। विधानसभा चुनाव में भाजपा ने 21 प्रत्याशी घोषित करके बढ़त बनाने की कोशिश की है। अब भाजपा प्रत्याशियों की दूसरी सूची रक्षाबंधन के बाद आने की चर्चा है। इसे लेकर प्रदेश प्रभारी सहित आला नेताओं की प्रदेश कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में मंथन किया। बताया जा रहा है कि दूसरी सूची में 32 प्रत्याशियों की घोषणा हो सकती है। इसमें बस्तर, बिलासपुर संभाग की पांच, सरगुजा की सात, रायपुर संभाग की छह और दुर्ग संभाग की दस सीट हैं। इस सूची में मंत्रियों की विधानसभा सीट पर उम्मीदवार घोषित किए जाएंगे।

भाजपा के उच्च पदस्थ सूत्रों की मानें तो दूसरी सूची में उन नेताओं के नाम भी शामिल होंगे, जिन्होंने पिछले दिनों पार्टी में प्रवेश किया है। सतनामी समाज के धर्मगुरु बाबा बालदास ने भाजपा प्रवेश किया है। उनके बेटे गुरु खुशवंत साहेब ने आरंग विधानसभा सीट से भाजपा के टिकट के लिए दावेदारी की है। वहीं, बुधवार को नौकरी से इस्तीफा देकर राजनीति में आए आइएएस नीलकंठ टेकाम पार्टी की सदस्यता लेंगे। टेकाम कांकेर या कोंडागांव की किसी सीट से दावेदारी कर रहे हैं।

आइएएस नीलकंठ टेकाम ने वीआरएस के लिए आवेदन दिया था, लेकिन सरकार ने स्वीकार नहीं किया। इसके बाद उन्होंने इस्तीफा देकर राजनीति में आने का निर्णय लिया। टेकाम लोकतंत्र की नर्सरी कहे जाने वाली छात्र संघ चुनाव में हिस्सा लेकर कालेज का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। वह अविभाजित मध्यप्रदेश में खंडवा महिला कॉलेज में प्रोफेसर थे। बाद में डिप्टी कलेक्टर चयनित होकर बस्तर का नाम गौरवान्वित किया। जगदलपुर एसडीएम के पद पर थे। 2008 में आइएएस कैडर आवंटित होने के बाद वह कोंडागांव के कलेक्टर भी रहे।

आनंद एवं उत्साह के साथ प्रतिभागी ले रहे छत्तीसगढ़िया ओलंपिक में हिस्सा

जोहार छत्तीसगढ़-बलौदाबाजार।

छत्तीसगढ़ शासन खेल एवं युवा कल्याण विभाग मंत्रालय महानदी भवन अटलनगर नवा रायपुर से प्राप्त निर्देश के परिपालन में छत्तीसढ़िया ओलम्पिक 2023-24 का विकासखण्ड स्तरीय आयोजन बड़ा खेल ग्राउन्ड लेवई में 22 अगस्त से लेकर 24 अगस्त 2023 तक आयोजित किया जा रहा है। उक्त विकासखण्ड स्तरीय आयोजन में कुल 11 जोन के 16 पारंपरिक खेल विधाओं के विजेता खिलाड़ियों के मध्यम प्रतियोगिता होना है तथा इस आयोजन के विजेता जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे। विकासखण्ड स्तरीय खेल के उद्घाटन गिरीश देवांगन अध्यक्ष खनिज विकास निगम छत्तीसगढ़ शासन एवं अध्यक्ष राजीव गांधी युवा मितान क्लब छत्तीसगढ़ सुशील शर्मा अध्यक्ष कृषि उपज मण्डी भाटापारा सरिता सत्यनारायण ठाकुर उपाध्यक्ष जिला पंचायत बलौदाबाजार राम गिंडलानी अध्यक्ष सिंधी आयोग छत्तीसगढ़ सुरेन्द्र यदु उपाध्यक्ष जनपद पंचायत भाटापारा नरेन्द्र यादव सभापति खेल एवं युवक कल्याण समिति जनपद पंचायत भाटापारा त्रिलोक सलूजा, लालू मानिकपुरी अध्यक्ष राजीव गांधी युवा मितान क्लब अध्यक्ष विधान सभा भाटापारा सहित ग्राम पंचायत लेवई के सरपंच उनेश कुमार ध्रुव जरहागांव सरपंच मीनाबाई वर्मा द्वारा मां सरस्वती एवं छत्तीसगढ़ महतारी की पूजा कर खेल का शुभारंभ किया गया। मुख्य अतिथि द्वारा छत्तीसगढ़िया ओलंपिक के बारे में सारगर्भित जानकारी देते हुए खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। समारोह के अंत में खेल शिक्षक फि रोज टण्डन के निर्देशन में स्कूली छात्राओं तथा खिलाड़ियों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया जिसका भरपूर उत्साहवर्धन एवं तारीफ करते हुए समस्त अतिथियों के द्वारा नगद पुरस्कार भी दिया तथा सभी के उज्जवल भविष्य की कामना की गई। कार्यक्रम में जनपद पंचायत के राजेन्द्र पाण्डेय मुख्य कार्यपालन अधिकार आरएल गेन्डरे अति मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं नोडल अधिकारी छत्तीसगढ़िया ओलंपिक संतोष शर्मा एवं हेमलाल वर्मा करारोपण अधिकारी शरद पंसारी खेल शिक्षक एवं खेल शिक्षकों की पूरी टीम के साथ ही जनपद पंचायत के सभी सचिव तथा अधिकारी कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

बीजेपी महिला मोर्चा की राष्ट्रीय अध्यक्ष वानथी ने कहा

छत्तीसगढ़ में जल्द होगा महिला मोर्चा युवती सम्मेलन, हर बूथ में महिलाओं को भाजपा से जोड़ने चलाएंगे अभियान

रायपुर. छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव की तैयारी में सभी राजनीतिक दल जुट गए हैं. बीजेपी महिला मोर्चा की राष्ट्रीय अध्यक्ष वानथी श्रीनिवासन ने प्रेसवार्ता कर कहा, सबसे पहले हम चंद्रयान 3 को शुभकामनाएं देते हैं. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में इंडिया साइंस एंड टेक्नोलॉजी में ऊंचाइयों को छू रहा है. उन्होंने कहा, हर बूथ पर भारतीय जनता पार्टी की पांच महिला कार्यकर्ता हैं. और भी महिलाओं को जोड़ने का प्रयास भारतीय जनता महिला मोर्चा बूथ स्तर पर करने वाली है।

उन्होंने कहा, छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव करीब है. भारत जनता पार्टी महिला मोर्चा तैयारी कर रही है. महिलाओं के विभिन्न वर्गों के साथ अभियान और प्रदर्शनों की तैयारी हम कर रहे हैं. महिला मोर्चा युवती सम्मेलन का आयोजन जल्द छत्तीसगढ़ में हम करने वाले हैं, जिसमें नई पीढ़ी को वोट देने के लिए जागरूक करेंगे. महिलाओं के साथ संवाद भी किया जाएगा.

मुख्य न्यायाधीश, छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट रमेश सिन्हा ने रायगढ़ जिला न्यायालय का किया निरीक्षण

*** न्यायिक अधिकारियों की ली बैठक, अधिवक्ताओं से की मुलाकात**

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश श्री रमेश सिन्हा कल एक दिवसीय रायगढ़ प्रवास पर आये थे। इस दौरान उन्होंने जिला न्यायालय रायगढ़ का निरीक्षण किया और कक्षों में जाकर कामकाज की जानकारी ली। उन्होंने न्यायालय के रिकार्ड रूम में प्रकरणों को उचित एवं व्यवस्थित रूप से रखने हेतु जिला न्यायाधीश रायगढ़ को निर्देशित किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने वाटर फिल्टर तथा आसपास सफाई हेतु भी निर्देशित किया। मुख्य न्यायाधीश श्री सिन्हा निरीक्षण के दौरान रायगढ़ न्यायालय में अधिवक्ताओं से भी मुलाकात की तथा उनको संबोधित भी किया। तत्पश्चात उन्होंने जिला न्यायालय में न्यायिक अधिकारियों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

बैठक में जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री अरविंद कुमार सिन्हा, कलेक्टर श्री तारन प्रकाश सिन्हा, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री सदानंद कुमार, प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री कमलेश जगदल्ला, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्री दीपक कुमार कोशले, शासकीय अभिभाषक श्री दीपक शर्मा, प्रशासनिक अधिकारी जिला अधिवक्ता संघ श्री सत्येन्द्र सिंह सहित अन्य सभी न्यायायिक अधिकारी व अधिवक्तागण उपस्थित रहे।

बेहतर तैयारियों से आसान होगा निर्वाचन का कार्य-कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा

अंतरर्राज्यीय सीमावर्ती मतदान केन्द्रों पर विशेष निगरानी रखने के दिए निर्देश

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

आगामी विधानसभा निर्वाचन के मद्देनजर कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में निर्वाचन के संबंध में आवश्यक तैयारियों, कार्ययोजना एवं लॉ-एण्ड आर्डर पर आरओ, राजस्व एवं पुलिस अधिकारियों की संयुक्त बैठक ली। कलेक्टर सिन्हा ने सभी अधिकारियों से कहा कि निर्वाचन से पूर्व जितनी अच्छी हमारी तैयारियां होगी, निर्वाचन का कार्य उतना बेहतर होगा। इसलिए आरओ, राजस्व एवं पुलिस विभाग के अधिकारी समन्वय के साथ कार्य करें। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत श्री जितेन्दर यादव, अपर कलेक्टर सुश्री संतन देवी जांगड़े, प्रशिक्षु आईपीएस उदित पुष्कर उपस्थित रहे।

कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने आयोजित बैठक में कार्यपालिक दण्डाधिकारी एवं थाना प्रभारी को मतदान केन्द्रों का बेहतर ढ़ंग से निरीक्षण करने के निर्देश दिए। ताकि उन केन्द्रों की दिक्कतों एवं समस्याओं का निराकरण किया जा सके। उन्होंने कहा कि निर्वाचन में आने वाली समस्याओं पर समन्वय से निर्णय लेते हुए कार्य करें एवं पूर्वानुमान भी लगाये। इस दौरान कलेक्टर सिन्हा ने उड़ीसा सीमा से लगे मतदान केन्द्रों पर विस्तृत चर्चा करते हुए यहां निगरानी व सुरक्षा को लेकर थाना प्रभारियों को विशेष निर्देश दिए। उन्होंने ऐसे संवेदनशील क्षेत्रों एवं बार्डर पर विशेष निगरानी रखने तथा अंतर्राज्यीय सीमा से पैसों तथा शराब परिवहन पर कार्यवाही के निर्देश दिए। उन्होंने निर्वाचन में पर्याप्त वाहनों की व्यवस्था के साथ ही मतदान केन्द्र के समीपस्थ पार्किंग व्यवस्था के संबंध में निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने शेडो एरिया वाले मतदान केन्द्रों पर चर्चा की। उन्होनें सभी अधिकरियों को कम्यूनिकेशन प्लान बनाने के निर्देश दिए, जिससे निर्वाचन कार्य में आसानी हो। इस दौरान एफएसटी, व्हीएसटी, एसएसटी निर्वाचन टीम को आचार संहिता के लगते ही अपनी गतिविधियां तत्काल प्रारंभ करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर सिन्हा ने कहा कि निर्वाचन केन्द्रों के साथ बार्डर की निगरानी वेब कॉस्टिंग के माध्यम की जाएगी। उन्होंने वल्नारेबल एवं क्रिटिकल मतदान कन्द्रों पर चर्चा करते हुए विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने अपराधियों एवं बदमाशों पर निगरानी रखने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्वाचन में मेडिकल टीम बनाने के निर्देश दिए, जिसके तहत सभी अधिकारियों की स्वास्थ्य जांच के साथ मतदान केन्द्रों में उन्हे आवश्यकता पड़ने पर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध करवाया जा सके। उन्होंने निर्वाचन के दौरान बाहर से आने वाले पुलिस बलों के रूकने की व्यवस्था के लिए पानी, बिजली एवं मूलभूत सुविधायुक्त भवन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर सिन्हा ने पुलिस विभाग को आबकारी विभाग के साथ बैठक लेकर निर्वाचन के दौरान अवैध शराब पर संयुक्त कार्यवाही के निर्देश दिए। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को कहा कि कोटवार अंतिम कड़ी हैं, अत:निर्वाचन में उनका सहयोग लिया जाए। इस दौरान उन्होंने पुराने शराब व्यवसायियों एवं बदमाशों पर निगरानी रखने के निर्देश दिए।

छात्र-छात्राओं को बाल अधिकार, सोशल मीडिया उपयोग में सावधानी, साइबर अपराध आदि के संबंध में विस्तार पूर्वक दी गई जानकारी

स्वामी आत्मानंद स्कूल कसडोल में बच्चों के साथ आयोजित किया जागरूकता कार्यक्रम

स्कूल के सभी छात्र-छात्राओं एवं शिक्षक गणों को यातायात नियमों की विस्तृत जानकारी देकर, नियमों का पालन करने हेतु दिलाया गया शपथ

जोहार छत्तीसगढ़-बालौदाबजार।

जिले के सभी स्कूल, कॉलेज एवं अन्य स्थानों में अध्ययन एवं प्रशिक्षणरत छात्राओं को परामर्श, प्रशिक्षण व पराक्रम के अनुसार कानूनी अधिकारों व प्रावधानों व गुड टच बैड टच की जानकारी सोशल मीडिया फ्रॉड, साइबर फ ॉड से बचने की जानकारी, महिला सुरक्षा हेतु जारी अभिव्यक्ति एप की विस्तृत रूप से जानकारी प्रदान करने हेतु लगातार कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। जिस समाज में बेटियां सुरक्षित और सशक्त हो वह समाज निरंतर प्रगति की पथ की ओर अग्रसर होता है। जिले में पुलिस टीम द्वारा जिले के स्कूल कॉलेजों आदि में जाकर छात्राओं को उनके कानूनी अधिकार, साइबर अपराध, सोशल मीडिया उपयोग में सावधानी और उनके अधिकारों की बातों पर मार्गदर्शन और लगातार संवाद किया जा रहा है। इसी क्रम में 23 अगस्त 2023 को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार झा के निर्देशन में, निरीक्षक लखेश केंवट थाना प्रभारी एवं थाना कसडोल से यातायात की पुलिस टीम द्वारा स्वामी आत्मानंद स्कूल कसडोल में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान स्कूल में अध्ययनरत छात्र.छात्राओं को उक्त अभियान के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया। छात्र-छात्राओं को उनके अधिकार व कानूनी की जानकारियां दी गई। गुड-टच बैड-टच तथा महिला संबंधी अपराध घटित होने पर त्वरित की जाने वाली कार्यवाही के बारे में समझाया गया। बालिका/महिला संबंधित अधिनियम पॉक्सो एक्ट व आईपीसी की महत्वपूर्ण धाराएं अन्य अधिनियम की जानकारी दी गई। उन्हें साइबर क्राइम, सोशल मीडिया, क्राइम से बचाव आदि की जानकारी दी गई। थाना कसडोल की यातायात पुलिस टीम द्वारा यातायात नियमों के संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया गया की नाबालिक बच्चों को किसी भी हालत में दोपहिया वाहन चालन हेतु नहीं देना चाहिए। साथ ही आमजनों को सीट बेल्ट एवं हेलमेट धारण कर सदैव वाहन चलाने के बारे में बताया गया। इसके अतिरिक्त स्कूल के समस्त छात्र-छात्राओं एवं शिक्षक गणों को यातायात नियमों की जानकारी देते हुए नियमों का सदैव पालन करने हेतु शपथ भी दिलाया गया। कार्यक्रम में स्वामी आत्मानंद स्कूल कसडोल प्राचार्य संतोष वर्मा, अधिवक्ता पुनेश्वर नाथ मिश्रा, पुलिस स्टाफ कसडोल एवं यातायात के स्टाफ उपस्थित रहे।

एक नजर

छत्तीसगढ़ की इस सीट पर पति-पत्नी दोनों ने ही कांग्रेस के टिकट के लिए ठोकी दावेदारी

धमतरी। छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव में टिकट की दावेदारी के लिए दिलचस्प जंग चल रही है। धमतरी जिले के विधानसभा क्षेत्र सिहावा-56 में चुनाव लड़ने टिकट के लिए पति-पत्नी दोनों ने दावेदारी की है। सिहावा की वर्तमान विधायक डा लक्ष्मी ध्रुव और उनके पति प्रदेश कांग्रेस सचिव लखन लाल ध्रुव ने विधानसभा वार मंगाए आवेदन ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष नगरी के पास टिकट मांगने आवेदन किया है। प्रदेश कांग्रेस सचिव लखन लाल ध्रुव रिटायर्ड आबकारी अधिकारी है। उल्लेखनीय है कि वर्तमान विधायक डा लक्ष्मी ध्रुव की टिकट कटने की चर्चा क्षेत्र में हो रही है, इसलिए उनके पति लखन लाल ध्रुव ने भी आवेदन जमाकर अपनी दावेदारी पेश की है। पति-पत्नी के विधायक चुनाव लड़ने के लिए टिकट मांगने आवेदन जमा करने की क्षेत्र में जमकर चर्चा हो रही है। जिला कांग्रेस कार्यालय धमतरी से मिली जानकारी के अनुसार धमतरी विधानसभा में कुल 64 लोगों ने आवेदन जमाकर दावेदारी पेश की है। कुरूद विधानसभा के लिए 35 आवेदन जमा हुआ है और सिहावा विधानसभा क्षेत्र के लिए 27 आवेदन जमा हुआ है। इस तरह जिले के तीनों विधानसभा के लिए कुल 126 दावेदार टिकट मांगने कतार पर है।

माइक्रो वाटरशेड सचिव के रिक्त पद के लिए दावा-आपत्ति 29 तक

कोरबा । कार्यालय उपसंचालक कृषि सह परियोजना प्रबंधक प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजनांतर्गत जलग्रहण समिति स्तर पर माइक्रो वाटरशेड सचिव के रिक्त पदों के लिए संविदा नियुक्ति हेतु आवेदन मंगाये गए थे। प्राप्त आवेदनों के प्रथम स्क्रूटनी के पश्चात् पात्र, अपात्र, अमान्य आवेदन पत्रों की सूची जारी कर दी गई है।

उप संचालक कृषि सह परियोजना प्रबंधक ने बताया कि उक्त सूची जिले के वेबसाइट ूणवतइण्हवअण्पद पर जाकर प्राप्त की जा सकती है। उन्होंने कहा कि आवेदकों को यदि जारी सूची के संबंध में किसी प्रकार की आपत्ति हो तो वे 29 अगस्त 2023 तक कार्यालयीन समय में कार्यालय उपसंचालक कृषि विभाग कोरबा में उपस्थित होकर या रजिस्टर्ड डाक के माध्यम से दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि पश्चात् प्राप्त दावा-आपत्ति के आवेदनों पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

लायंस इंग्लिश स्कूल टी.पी. नगर के क्लास 6वी से 12वी तक के स्टूडेंट्स व समस्त टीचर्स का हुआ नेत्र परीक्षण

कोरबा । कोरबा के हृदय स्थल में स्थित एवं लायंस क्लब कोरबा ट्रस्ट द्वारा संचालित लायंस इंग्लिश हा.से. स्कूल टी.पी. नगर कोरबा में दिनांक 22 अगस्त को नेत्र जाँच शिविर लगाया गया।

शिविर में डॉ. चंदा सेठिया भट्ट एवं उनके सहयोगी टीम द्वारा नेत्र परीक्षण किया गया। जिसमें स्कूल के क्लास 6वी से क्लास 12वी तक के सभी विद्यार्थियों एवं शिक्षकगणों ने नेत्र जाँच कराकर शिविर का लाभ प्राप्त किया। शिविर में कुल 400 लागों का परीक्षण किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता क्लब अध्यक्षा लायन मीना सिंह ने किया एवं प्रोजेक्ट डायरेक्टर लायन संतोष खरे जी रहे। इस अवसर पर विद्यालय के चेयरमेन एमजेएफलायन जयप्रकाश अग्रवाल, लायन एस.के. अग्रवाल जोन चेयरपर्सन, लायन कामायनी दुबे रीजन जीएसटी, स्कूल सचिव लायन मधु पाण्डेय, लायन सत्येन्द्र वासन, लायन सुभाष अग्रवाल (बालाजी), कोषाध्यक्ष लायन रविशंकर सिंह, लायन शहनाज शेख, लायन राकेश अग्रवाल, लायन भगवती अग्रवाल, प्रचार्य रमेश शर्मा एवं शिक्षकगणों ने अपना अमूल्य समय देकर कार्यक्रम को सफल बनाया। डॉक्टर सेठिया भट्ट एवम् उनकी टीम को नेक सेवा कार्य के लिये कोरबा लायंस क्लब परिवार आत्मिक आभार प्रकट करता हैं।

नए मतदाताओं ने फ्लैश मॉब कर मतदान के लिए किया प्रेरित

* रायगढ़ के बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ चौक पर मतदान के लिए युवा वोटर्स की कलात्मक अपील

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

रायगढ़ के युवा मतदाताओं ने लोगों को मतदान के लिए कलात्मक तरीके से अपील की। रायगढ़ के हृदय स्थल बेटी बचाओ बेटी-पढ़ाओ चौक में शाम को युवा मतदाताओं की टोली जुटी और 'फ्लैश मॉब' कर अनोखे तरीके से मतदान का संदेश दिया। इन युवाओं ने भारत निर्वाचन आयोग के थीम सॉन्ग 'मैं भारत हूं' पर सुंदर तरीके से सामूहिक नृत्य की प्रस्तुति दी। शाम को जब यह परफॉर्मेंस शुरू हुई तो गुजरने वाले राहगीर भी खुद को इसे देखने से रोक नही सके।

पूरे कार्यक्रम के दौरान लोग मोबाइल में वीडियो बनाते नजर आए। सभी ने युवा वोटर्स का हौसला बढ़ाया। इस प्रदर्शन में अधिकारी-कर्मचारियों ने उनका बखूबी साथ दिया। एसडीएम रायगढ़ श्री गगन शर्मा, तहसीलदार लोमस मिरी सहित रायगढ़ अनुविभाग के सारे पटवारियों ने भी परफॉर्मेंस में पूरे जोश के साथ भागीदारी निभाई। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी लोगों को मतदान की शपथ दिलाई गई।

सीतापुर के लाल ने किया कमाल, 50 मीटर राइफल शूटिंग प्रोन खेल में छत्तीसगढ़ राज्य में तीसरा स्थान प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया

जोहार छत्तीसगढ़-सीतापुर।



सीतापुर क्षेत्र के राइफल शूटिंग खिलाड़ी राहुल सिंह ने छत्तीसगढ़ स्टेट शूटिंग प्रतियोगिता में 50 मीटर राइफल प्रोन खेला एवं छत्तीसगढ़ राज्य में तीसरा स्थान प्राप्त करते हुए सीतापुर क्षेत्र का नाम रोशन किया है राहुल सिंह ग्राम देवगढ़ के निवासी हैं इन्होंने पहले ही प्रयास में यह उपलब्धि प्राप्त की है इस के बाद राहुल सिंह 26 अगस्त से होने वाली आसनसोल वेस्ट बंगाल में होने वाले ईस्ट जोन प्रतियोगिता भाग लेंगे साथ ही 1 सितंबर से होने वाली प्री नेशनल जी वी मावलंकर इंदौर में भी हिस्सा लेंगे, अभी राहुल सिंह शैलेश बाबा चलता शूटिंग रेंज में प्रैक्टिस कर रहे हैं इनके कोच आकाश कुमार है जो रांची के निवासी हैं और इंटरनेशनल खिलाड़ी हैं।

कलेक्टर ने ली समय - सीमा की बैठक निर्माणाधीन स्वीकृत कार्यों को शीघ्र पूरा करें : कलेक्टर

महासमुंद । कलेक्टर प्रभात मलिक ने आज महानदी सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक ली। बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्री एस. आलोक, वन मंडलाधिकारी श्री पंकज राजपूत, अपर कलेक्टर दुर्गेश वर्मा, महासमुन्द एसडीएम श्री उमेश साहू, बागबाहरा एसडीएम सृष्टि चंद्राकर, डिप्टी कलेक्टर मिसा कोसले, मुख्य चिकित्सा स्वास्थ अधिकारी डॉ. पी. कुदेसिया सहित जिला अधिकारी मौजूद थे। कलेक्टर ने कहा कि सभी समय सीमा पत्रक, जन शिकायत, मुख्यमंत्री जनचौपाल के कोई भी प्रकरण और पत्र लंबित नहीं होना चाहिए। उसे तत्काल निराकरण करके पोर्टल में एंट्री करना सुनिश्चित करें। श्री मलिक ने कहा कि यह चुनावी वर्ष है। आगामी अक्टूबर माह में आदर्श आचार संहिता लागू हो सकती है इसे ध्यान में रखते हुए निर्माणाधीन एवं अधूरे निर्माण कार्यों को गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने लोक निर्माण, ग्रामीण यांत्रिकी, पंचायत, नगरी निकाय आदि निर्माण एजेंसी को निर्देश दिए। कलेक्टर श्री मलिक ने स्वामी आत्मानन्द स्कूल में सभी भर्तियां जल्द से जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही हर पद के लिए वेटिंग लिस्ट तैयार करने के निर्देश जिला शिक्षा अधिकारी को दिया। उन्होंने जिले के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में बिजली और पंखा लगाने के निर्देश दिये है। स्कूली बच्चों के जाति प्रमाण पत्र बनाने के निर्देश दिये गए। सम्बंधित एसडीएम को इसकी मॉनिटरिंग करने और बच्चों का जाति प्रमाण पत्र बनाने सुनिश्चित करने कहा गया। कलेक्टर ने केसीसी की प्रगति की जानकारी ली उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्र एवं गोठानो में बिजली लगाने विद्युत विभाग को डिमांड पत्र भेजने के निर्देश दिए।

एकीकृत समर्थन मूल्य पर धान एवं मक्का खरीदी हेतु किसान पोर्टल में पंजीयन कराने की अंतिम तिथि 31 अक्टूबर तक

खरीफवर्ष 2023-24 में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी में पारदर्शी में सुधार के लिए बायोमेट्रिक आधारित खरीदी प्रणाली की जा रही लागू

जोहार छत्तीसगढ़-कोरबा।

कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी विभाग छत्तीसगढ़ शासन द्वारा खरीदी विपणन वर्ष 2023.24 में समर्थन मूल्य पर धान एवं मक्का खरीदी हेतु किसान पंजीयन कराने की अंतिम तिथि 31 अक्टूबर 2023 तक निर्धारित की गई है। जिला खाद्य अधिकारी ने बताया कि कृषकों को विभिन्न शासकीय योजनाओं का लाभ उठाने हेतु एकीकृत किसान पोर्टल में एक बार पंजीयन कराने संबंधी निर्देश प्रसारित किया गया है। उक्त निर्देश के अनुसार कृषकों का पंजीयन 31 अक्टूबर 2023 तक कराया जाना है। धान एवं मक्का कृषक को समर्थन मूल्य पर धान विक्रय करने हेतु एकीकृत किसान पोर्टल पर पंजीयन कराना अनिवार्य होगा। समर्थन मूल्य पर धान खरीदी में गड़बड़ी रोकने हेतु शासन द्वारा खरीफ वर्ष 2023-34 में नया प्रयोग किया जा रहा है। पीडीएस सिस्टम की तर्ज पर किसानों को धान बेचना पड़ेगा। जिस प्रकार पीडीएस में खाद्यान्न लेने से पहले बायोमेट्रिक सिस्टम के तहत अंगूठा लगाना पड़ता हैए उस तरह धान बेचने के पहले किसान को अपना आधार कार्ड नंबर बताकर बायोमेट्रिक सिस्टम से अंगूठा लगाना होगा। समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के दौरान किसानों को कोई असुविधा न हो इसके लिए उनके परिवार एवं रिश्तेदारों को नॉमिनी बनाने की सुविधा दी गई है। खुद किसान या भूमि स्वामी और उसके अलावा माताए पिताए पतिए पत्निए पुत्रए पुत्री दामादए पुत्रवधु सगा भाई बहन एवं अन्य करीबी रिश्तेदार को नॉमिनी बनाकर धान बेचने का अधिकार दिया जा सकेगा। यदि किसी कारणवश पंजीकृत किसान अपना नॉमिनी एवं उसका आधार नंबर परिवर्तन कराना चाहता है तो उसका अनुमोदन अनुविभागीय अधिकारी ;राद्ध एवं तहसीलदार द्वारा किया जा सकता है। गत वर्ष पंजीकृत किसानों का पंजीयन उनके मृत्यु या अन्य कारणों से निरस्त किए जाने के लिए ऐसे किसानों को जानकारी तहसीलदारों को देनी होगी। आधार प्रमाणीकरण यदि बायोमेट्रिक के माध्यम से सफ्लतापूर्वक दर्ज नही होता है उस स्थिति में अंतिम ;विकल्प के रूप में आधार से लिंक मोबाईल नंबर में ओटीपी भेजकर किसान नामांकित व्यक्ति का पहचान प्रमाणीकरण का विकल्प भी रहेगा पंजीयन के दौरान किसान का मोबाईल नंबर भी अद्यतन कराना होगा। इसके अतिरिक्त समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के लिए विश्वसनीय व्यक्ति की नियुक्ति धान खरीदी केन्द्रो में की जाएगी। धान खरीदी में हिस्सेदार बटाईदारए अधिया रेगा के तहत फसल उगाने वाले कृषकों के लिए खेत का मालिकाना हक रखने वाले कृषक स्वयं पंजीयन करा सकेगा अथवा संबंधित कृषक का नामिनी के तौर पर पंजीयन 31 अक्टूबर 2023 तक पंजीयन कर सकेंगे। शासन ने खरीफ विपणन वर्ष 2023.24 में धान खरीदी में पारदर्शिता लाने के लिए यह बायोमेट्रिक सिस्टम लागू किया गया है। इससे किसी भी खरीदी केन्द्र में बिचौलिए या धान व्यापारियों द्वारा धान बिक्री के दौरान गड़बड़ी की गुंजाईश नही रहेगी।

एनएसयूआई के कार्यकर्ताओं ने धूमधाम से मनाया मुख्यमंत्री का जन्मदिन

जोहार छत्तीसगढ़-पत्थलगांव।

आपको बता दे की छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री के जन्म दिन पर आज सभी जगह लोग केक मिठाई बांटते खुशियां मानती नजर आ रहे हैं वही पत्थलगांव क्षेत्र के पालीडीह छत्तीसगढ़िया मुख्यमंत्री के जन्म दिवस को एक उत्सव के तरह मनाया जिसमें एनएसयूआई छात्र संघ छात्र संघ युवा नेता ग्रामीण कार्यकर्ता स्कूली बच्चे भारी संख्या मे। भूपेश बघेल का जन्म दिन मनाया।

जिसमें प्राथमिक शाला पालीडीह के बच्चों और कौशल विकास फायर फाइटर के सभी विद्यार्थियों ने मुख्यमंत्री के जन्मदिन पर राज्य गीत से प्रारंभ कर नाच गान के रंगारंग प्रस्तुति देकर जन्मदिन को चार चांद लगाते नजर आए इस अवसर पर बच्चों को मिठाई केक बाटा गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में युवा कांग्रेस प्रदेश सचिव मोहनीश साहू एवं एनएसयूआई विधनसभा अध्यक्ष विमल सिदार एनएसयूआई विधानसभा अध्यक्ष एवं जनपद सदस्य क्षेत्र क्रमांक 20 जय प्रकाश तिर्की ओकेश कौशिक , अनूप कौशिक, संदीप कौशिक, वर्षा भगत, मुनेश, अनुजए वीर सिंह, आकाश, टिकेश्वर, पवन, भरत श्रीवास, युवा नेता नीलू, फ ायर फाइटर के संचालक सुरेन्द्र सिदार का अहम योगदान रहा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मोहनी साहू ने सभा को संबोधित करते हुए कहा की भूपेश बघेल के सरकार में शिक्षा और रोजगार को बढ़ावा मिल रहा है जिसमें शिक्षा को बढ़ाने हेतु भूपेश सरकार द्वारा इस वर्ष सभी सरकारी स्कूलों में कापी भी दिया जा रहा भूपेश बघेल जमीनी स्तर से जुड़े नेता हैं जिन्होने शिक्षा के साथ किसानों के हित में कार्य करते हैं जिन्होंने शिक्षा को बेहतर बनाने के लिए आत्मानंद स्कूल खोला तथा महिलाओ को सशक्त युवाओं को रोजगार दिलाने रीपा योजना खोला है। वहीं जय तिर्की ने कहा की इस कार्यक्रम को सफल बनाने में पालीडीह सरपंच भास्कर सिदार उपसरपंच भूपेंद्र यादव एवं मन्नू महंत कीर्ति एइन सभी का अहम योगदान रहा है।

पाड़ीमार मतदान केंद्र एवं बालको के प्राथमिक शाला सेक्टर 04 व स्वामी आत्मानंद विद्यालय में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम हुआ आयोजित

* डीईओ ने मतदाता संकल्प पत्र का वाचन कर उपस्थित लोगों को दिलाई शपथ

जोहार छत्तीसगढ़-कोरबा।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सौरभ कुमार एवं जिला नोडल स्वीप व मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत विश्वदीप के मार्गदर्शन में उप जिला निर्वाचन अधिकारी सीमा पात्रे के सहयोग से जिले में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम अंतर्गत नियमित रूप से विभिन्न गतिविधियां आयोजित कर मतदाताओं को मतदान के प्रति प्रोत्साहित किया जा रहा है। इसी कड़ी में जिला शिक्षा अधिकारी जीपी भारद्वाज द्वारा पाड़ीमार मतदान केंद्रों एवं शासकीय प्राथमिक शाला सेक्टर 04 बालको व स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में स्वीप अंतर्गत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर

स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय बालको के छात्र-छात्राओं ने मतदाता जागरूकता हेतु मानव श्रृंखला का किया निर्माण

विद्यालय के प्राचार्य, स्कूली स्टाफ, छात्र-छात्राएं एवं मतदान केंद्रो के अंतर्गत आने वाले मतदाता उपस्थित थे। जिला शिक्षा अधिकारी ने उपस्थित सभी लोगों को मतदान की उपयोगिता के बारे में बताते हुए सभी को अनिवार्य रूप से मतदान करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही फोटो युक्त निर्वाचक नामावलियों का द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अहर्ता तिथि 01 अक्टूबर 2023 के संदर्भ में निर्धारित तिथियों की जानकारी देते हुए कहा कि 01 अक्टूबर 2023 की स्थिति में 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले युवा अपना नाम मतदाता सूची में जुड़वा सकते हैं। उन्होंने सभी लोगों को इस संबंध में जागरूक होकर अपने साथ-साथ अपने परिवार एवं आसपास के लोगों को भी मतदान के प्रति जागरूक करने की बात कही। इस दौरान डीईओ ने मतदाता संकल्प पत्र का वाचन कर उपस्थित सभी लोगों को शपथ दिलाई। साथ ही मतदाताओं को मताधिकार के उपयोग हेतु प्रोत्साहित करने के लिए स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय बालको के छात्र-छात्राओं ने मानव श्रृंखला का निर्माण भी किया।

धरमजयगढ़ में विधानसभा स्तरीय नव मतदाता सम्मेलन 25 को

भाजपा प्रत्याशी घोषित होने के बाद पहला कार्यक्रम,यूथ आइकॉन ओ पी चौधरी,सासंद गोमती साय,युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष रवि भगत आएंगे

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

आगामी 25 अगस्त को धरमजयगढ़ में विधानसभा स्तरीय 9 मतदाता सम्मेलन आयोजित किया गया है। इस सम्मेलन में प्रदेश भाजपा के महामंत्री यूथ आईकॉन ओपी चौधरी, प्रदेश युवा मोर्चा के अध्यक्ष रवि भगत एवं सांसद गोमती साय की हिस्सा लेने की संभावना है। विदित हो कि भारतीय जनता पार्टी पूरे मतदान केदो में अपने बीएलए के माध्यम से नौ मतदाता बनाने का कार्य कर रही है। गांव-गांव जाकर युवा मोर्चा के कार्यकर्ता युवाओ को जिनकी उम्र 18 वर्ष पूर्ण हो गई है मतदाता सूची में उनका नाम जुड़वाने का कार्य कर रही हैं। साथ ही साथ उनका अभिनंदन भी कर रही है। भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के प्रदेश नेतृत्व के आवाहन पर प्रत्येक मतदान केंद्र में नव मतदाताओं का अभिनंदन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसी कड़ी में धरमजयगढ़ विधानसभा में 25 अगस्त को यह कार्यक्रम मुख्यालय में आयोजित किया गया है। इस कार्यक्रम में पूरे विधानसभा से 1000 से ऊपर नव मतदाताओं के भाग लेने की संभावना है। इस पूरे कार्यक्रम का आयोजन मंडल भारतीय जनता पार्टी एवं मंडल भाजपा युवा मोर्चा के तत्वावधान में किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के लिए जिला युवा मोर्चा के उपाध्यक्ष शशि पटेल को प्रभारी बनाया गया है। इस पूरे कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए प्रत्येक मंडल में शक्ति केंद्र वार युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं को जवाबदारी सौंपी गई है। कार्यक्रम के प्रभारी शशि पटेल ने बताया कि इस कार्यक्रम में प्रत्येक मतदान केंद्र से कम से कम दस नव मतदाताओं की आने की संभावना है। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम के दौरान सैकड़ों नवयुवक भाजपा प्रवेश करेंगे। यह कार्यक्रम ऐसे समय में आयोजित किया जा रहा है जब भाजपा ने अपना प्रत्याशी विधानसभा चुनाव के लिए घोषित कर दिया है।

तीन दिन सामूहिक हड़ताल में शामिल होने प्लेसमेंट कर्मचारियों ने सौंपा ज्ञापन

जोहार छत्तीसगढ़ धरमजयगढ़।

नगर पंचायत धरमजयगढ़ में कार्यरत प्लेसमेंट कर्मचारियों ने अनुविभागीय अधिकारी राजस्व धरमजयगढ़ को ज्ञापन सौंपा है। जिसमें तीन दिन अवकाश पर रहने सादर सूचनार्थ किया गया है। छत्तीसगढ़ नगरीय निकाय प्लेसमेंट कर्मचारी महासंघ की मांगों के समर्थन में तीन दिवसीय सामूहिक अवकाश पर जाने की सूचना दी गई है। समस्त नगरीय निकायों में प्लेसमेंट एवं ठेका प्रथा को बंद करते हुए कर्मचारियों को नगरी निकायों में समायोजन किया जावे तथा 62 वर्ष की आयु तक नौकरी की सुरक्षा प्रदान की जावे। नगरीय निकायों में कार्यरत प्लेसमेंट कर्मचारियों को एक निश्चित समय अवधि निर्धारित करते हुए निकायों में सविलयन नियमित किया जावे। उक्त मांगों के समर्थन में 24 अगस्त से 27 अगस्त तक धरना स्थल तूता नवा रायपुर में आयोजित धरना प्रदर्शन में प्लेसमेंट कर्मचारियों शामिल होंगे। इसलिए प्लेसमेंट कर्मचारियों अवकाश पर रहेंगे। बता दें कि यदि प्लेसमेंट कर्मचारी अवकाश पर जाते हैं तो सफाई, बिजली, बिजली सहित कई कार्य प्रभावित होंगे।

एक नजर

अनुनय के विद्यार्थियों ने देखा चंद्रयान-3 की लैंडिंग

जोहार छत्तीसगढ़-सक्ति।

स्थानीय अनुनय कॉन्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल शक्ति में इसरो द्वारा प्रक्षेपित चंद्रयान-3 की चंद्रमा में की गई लैंडिंग का सीधा प्रसारण किया गया। सैकड़ों बच्चों के द्वारा इसे देखा गया तथा प्रेरणा ली गई। इस अवसर पर इसरो तथा भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान के क्षेत्र में क्विज प्रतियोगिता भी आयोजित की गईण

इस अवसर पर सैकड़ों विद्यार्थियों के साथ संस्था प्रमुख योगेश साहू प्राचार्य किरण श्रीवास उप्राचार्य रेवती साहू श्रुति वर्मा रानी वर्मा कविता चौहान मयंक साहू प्रमिला साहू भारती पटेल सहित सभी स्टाफ उपस्थित थे। कार्यक्रम का सफल संचालन शिक्षक निखिल साहू ने किया। सभी ने देश के सफल वैज्ञानिकों को बधाई दी तथा आगे के मिशन के लिए शुभकामनाएं दिए हैं।

छत्तीसगढ़ में बारिश पर लगा ब्रेक, लेकिन सरगुजा के लोग रहें सावधान !

रायपुर। छत्तीसगढ़ में बारिश की रफ्तार धीमी हो गई है. रायपुर मौसम विभाग ने इसकी वजह मानसून द्रोणिका का पंजाब और उत्तरी इलाकों तक सीमित रहना बताया है. लेकिन उत्तर प्रदेश के उपरी भाग और पूर्वोत्तर के राज्यों में बने सिस्टम की वजह से आज कुछ जगहों पर थोड़ी बहुत बूदाबांदी के आसार हैं. छत्तीसगढ़ में पिछले दो-तीन दिनों से बारिश थम सी गई है. बारिश की थमते ही शहरों का अधिकतम तापमान बढ़ने लगा है. राजधानी रायपुर में आज धूप चढ़ते ही उमस और गर्मी महसूस होने लगी है. प्रदेश में अगस्त महीने के दौरान पिछले दिनों भारी बारिश हुई थी. मौसम विभाग की मानें, तो अगले 48 घंटे के दौरान प्रदेश का तापमान 2 से 3 डिग्री बढ़ने की संभावना है. मौसम विभाग ने एक दो सजगहों पर आकाशीय बिजली गिरने की संभावना है. बारिश थमने की क्या है वजह? = रायपुर मौसम विभाग के वैज्ञानिक जनक राम साहू ने बताया, ऽमानसून द्रोणिका अभी पंजाब से लेकर असम तक उत्तरी इलाके में सीमित है. इसलिए बारिश में कमी आई है. बुधवार की सुबह राजधानी में उमस और गर्मी महसूस हो रही है. आने वाले कुछ दिनों तक मौसम के इसी तरह रहने की संभावना है. एक सिस्टम उत्तर मध्य प्रदेश और उसके आसपास के कुछ इलाके में फैला हुआ है. दूसरा सिस्टम बंगाल की खाड़ी में फैला हुआ है. इन दोनों सिस्टम के प्रभाव से बुधवार को उत्तरी छत्तीसगढ़ के सरगुजा संभाग में एक-दो जगहों पर बूदाबांदी हो सकती है. मौसम विभाग ने किसी तरह की कोई चेतावनी जारी नहीं की है।

सीएम के कार्यक्रम से लौट रहे छात्र दुर्घटना के शिकार - एक की मौत,चार घायल

अंबिकापुर। युवाओं से भेंट मुलाकात के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के कार्यक्रम में शामिल होकर लौट रहे पांच महाविद्यालयीन छात्र सड़क दुर्घटना का शिकार हो गए। दुर्घटना में विश्रामपुर निवासी व राजीव गांधी शासकीय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय अंबिकापुर में बीएससी की पढ़ाई करने वाले निखिल भगत पिता अभय भगत 18 वर्ष की मौत हो गई। दुर्घटना में चार अन्य छात्र गंभीर रूप से घायल हुए हैं। इनमें से एक छात्र को रायपुर रिफर कर दिया गया है। अंबिकापुर में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का युवाओं से संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया था।इस कार्यक्रम में सरगुजा संभाग के सभी जिलों से कालेज में पढ़ने वाले विद्यार्थी शामिल हुए थे।

कई जिलों के विद्यार्थियों के लिए वाहन की व्यवस्था थी जबकि सैकड़ों विद्यार्थी ऐसे थे जो स्वयं के साधनों से कार्यक्रम में शामिल होने अंबिकापुर पहुंचे थे। जानकारी के अनुसार विश्रामपुर निवासी ज्ञानोदय पिता संतोष (18) तथा निखिल भगत पिता अभय भगत (18) अंबिकापुर के राजीव गांधी शासकीय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में बीएससी की पढ़ाई करते हैं। ये दोनों छात्र भी कार्यक्रम में शामिल होने आए थे।

राजा धर्मेंद्र सिंह एवं पंडित देवेन्द्रनाथ अग्निहोत्री के नेतृत्व में कचहरी चौक पर केक काटकर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का जन्मदिन मनाया

जोहार छत्तीसगढ़-सक्ति।

सक्ती कचहरी चौक मे सक्ती राजा धर्मेंद्र सिंह एंव पंडित देवेन्द्रनाथ अग्निहोत्री के नेतृत्व में केक काटकर छत्तीसगढ़ के यशस्वी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का जन्मदिन मनाया गया। जहां भारी संख्या मे महल समर्थक उपस्थित रहे भरी बरसात मे केक काटकर पटाखे फोड़ कर जन्मदिन मनाया गया जहा धर्मेंद्र सिंह ने कहा कि छत्तीसगढ़ प्रदेश के मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़िया मुख्यमंत्री है जिन्होंने किसानों के दर्द को समझा और धान का समर्थन मूल्य बढ़ाया युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराया छत्तीसगढ़ की संस्कृति को सवारने का कार्य किया गौधन न्याय योजना से गौमाता की रक्षा करते हुए रोजगार उपलब्ध कराया राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर योजना से मजदूरों के जेब में सीधा पैसा डाल कर उन्हें मजबूती प्रदान करने का कार्य किया ऐसे अनेको योजनाओं के माध्यम से छत्तीसगढ़ राज्य को आगे बढ़ाने का कार्य कर रहे है ऐसे सपुत को छत्तीसगढ़ के मुख्या के रुप में पाकर छत्तीसगढ़ धन्य हो गया हम सभी उनके लम्बी उम्र एंव सुखमय जीवन की कामना करते है। पंडित देवेन्द्रनाथ अग्निहोत्री ने कहा कि हम सभी को सक्ती दिल की सौगात देने वाले स्वामी आत्मानंद स्कूल खोल कर शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने वाले मुख्यमंत्री मितान योजना, युवाओं के राजीव मितान क्लब सहित बेरोजगारों को बेरोजगारी भत्ता दिया महिलाओं के लिए महिला सशक्तिकरण के लिए कार्य किया ऐसे यशस्वी मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ के पालक के रूप मे छत्तीसगढ़ को निरंतर प्रगति की ओर ले जा रहे है हम सभी उनको जन्मदिन की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उन्के दीर्घायु जीवन की कामना करते है एवं उनका नेतृत्व प्रदेश को मिलता रहे कार्यक्रम मे भारी संख्या मे कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

इसरो के वैज्ञानिकों ने चांद पर पहुंचाया हिंदुस्तान-ओपी

वैज्ञानिकों के आंसुओं से रची खुशियों की गाथा

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

चंद्रमा में चंद्रयान उतरने के पल को भारत के लिए ऐतिहासिक पल बताते हुए प्रदेश भाजपा महामंत्री ओपी चौधरी ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा इसरो के वैज्ञानिकों ने स्वर्गीय अटल बिहारी की कविता हार नहीं मानूंगा को सही मायने में सार्थक कर दिखाया। चंद्र यान-2 के असफल होने के बाद इसरो के वैज्ञानिकों ने प्रयास नहीं छोड़ा। चार सालों तक दिन रात की मेहनत आज सही मायने में सार्थक हो गई। हिंदुस्तान के लिए एतिहासिक क्षण बताते हुए भाजपा नेता ने कहा वैज्ञानिकों के आंसुओ ने आज खुशियों की नई गाथा रची है। चांद पर सफलता पूर्वक पहुंचने वाला भारत चौथा देश है। इस सफलता की खुशी हर छत्तीसगढ़ वासी महसूस कर रहा है। इस परीक्षण की सफलता ने साबित कर दिया कि मुश्किलों के महासागर को पार कर दिखाया। यह परीक्षण बहुत कम बजट में किया गया। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भारत की धाक बढ़ेगी। इस सफलता की अभूतपूर्व ऐतिहासिक बताते हुए ओपी ने कहा देश के लिए नई ऊर्जा नए उत्साह का लम्हा है। इसरो के वैज्ञानिकों को बधाई देते हुए कहा ये भारत के आत्मनिर्भरता का प्रमाण है। 1969 की स्थापना के बाद इसरो द्वारा किए गए तमाम परीक्षणों में मोदी सरकार के 9 सालों में 42 मिशन हुए जो की स्थापना से लेकर सबसे अधिक है। 30 जुलाई 2023 तक, कुल 90 लॉन्च हुए हैं, जिनमें 75 सफल लॉन्च, 5 आंशिक सफलताएं शामिल है।

ऑपरेशन ईगल अभियान के तहत स्थायी वारंटी को किया गिरफ्तार

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।

पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता भापुसे के निर्देशन एवं अति.पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल, एसडीओपी बेरला तेजराम पटेल के मार्गदर्शन में बेमेतरा पुलिस द्वारा स्थायी वारंटियो को पकड़ने हेतु ऑपरेशन ईगल अभियान चलाया जा रहा है जिसके तहत थाना साजा पुलिस के द्वारा माननीय न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी साजा जिला बेमेतरा न्यायालय के प्रकरण क्रमांक 335/2017, धारा 457,380,34,411 भादवि में फरार चल रहे स्थाई वारंटी दुखेरन पारधी पिता अलखु पारधी उम्र 40 वर्ष साकिन रगरा थाना छुईखदान जिला केसीजी को जरिये मुखबिर कि सूचना पर पकड़ा गया। उपरोक्त वारंटी को 23 अगस्त 2023 को माननीय न्यायालय में पेश किया गया है। उक्त कार्यवाही में थाना साजा प्रभारी मुकेश यादव, सउनि कृष्ण कुमार क्षत्री, प्रधान आरक्षक येमन बघेल, आरक्षक रामानुज जायसवाल एवं अन्य स्टाफ का सराहनीय भूमिका रही।

मुख्यमंत्री की घोषणाओं पर शीघ्रता से करें कार्यवाही : कलेक्टर

कोरबा । कलेक्टर सौरभ कुमार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में कलेक्टर ने मुख्यमंत्री घोषणा की अद्यतन स्थिति की समीक्षा, जल जीवन मिशन के कार्य, स्वीप अंतर्गत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम एवं घुमन्तु पशुओं के व्यवस्थापन की जानकारी ली तथा संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर श्री सौरभ कुमार ने जिले में मुख्यमंत्री की घोषणा के कार्यो के क्रियान्वयन की गहन समीक्षा करते हुए अद्यतन स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने मुख्यमंत्री घोषणा अनुरूप सामुदायिक भवनों हेतु आबंटित भूमि की स्थिति, प्रशासकीय स्वीकृति की जानकारी लेते हुए कार्यो को तेजी से पूर्ण करने के निर्देश दिए।

राम चरित्र को भारतीय जन मानस तक पहुंचाने वाले रचियता तुलसीदास-ओपी चौधरी

जन्म जयंती पर गोस्वामी तुलसी दास का स्मरण किया

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।



प्रदेश भाजपा महामंत्री ओपी चौधरी ने महाकवि तुलसी दास की जन्म जयंती में उनका स्मरण करते हुए कहा मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम के जीवन से जुड़े संस्मरणों को शब्दो के पिरो कर सहेजने एवम देश के घर घर में राम चरित मानस को पूजनीय बनाने के लिए महाकवि तुलसीदास का योगदान कभी विस्मृत नही किया जा सकता। रामचरित मानस के रचयिता तुलसी दास श्रीराम की भक्ति और साधना के लिए जन-जन के आदर्श के पात्र हैं। संत और कवि तुलसीदास का जन्म सावन माह के शुक्ल पक्ष की सप्तमी तिथि को हुआ था। उत्तर प्रदेश के चित्रकूट में जन्मे तुलसीदास ने जन्म लेते ही श्राम कहा था। तुलसीदास ने रामचरित मानस, बरवै रामायण, राम लला नहछू, विनय पत्रिका, कवितावली, जानकी मंगल, गीतावली समेत भक्ति रस की कई रचनाएं लिखी। उनकी लिखी रचना रामचरित मानस हर हिंदू घर में धर्म ग्रंथ के रूप मे मौजूद है। श्रीराम भक्ति की प्रेरणा पत्नी से मिली।तुलसीदास जी ने हिंदू महाकाव्य रामचरितमानस, हनुमान चालीसा समेत तमाम ग्रंथों की रचना में उनका पूरा जीवन श्रीराम की भक्ति और साधना में व्यतीत हुआ। हनुमान चालीसा जो सबसे अधिक पढ़े जानें वाली रचना है। तुलसीदास को हनुमान चालीसा लिखने की प्रेरणा मुगल सम्राट अकबर की कैद से मिली थी। मान्यता है कि एक बार मुगल सम्राट अकबर ने गोस्वामी तुलसीदास को शाही दरबार में बुलाय तब तुलसीदास की मुलाकात अकबर से हुई और उसने अपनी तरीफ में उन्हें ग्रंथ लिखने को कहा। लेकिन तुलसीदास ने ग्रंथ लिखने से मना कर दिया। तभी अकबर ने उन्हें कैद कर लिया और कारागार में डाल दिया। ऐसे महान जन कवि की जन्म जयंती पर उनके विचारों को आत्मसात करने की अपील ओपी चौधरी ने की हैं।

सोरला में नाले को कब्जा मुक्त करने प्रभावित किसानों ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन, मांगी क्षतिपूर्ति

ग्रामीणों को किसान नेता योगेश तिवारी के नेतृत्व में कलेक्टर को ज्ञापन सौंप परेशानियों से कराया अवगत

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।

वधानसभा क्षेत्र के ग्राम सोरला में नाले को कब्जा मुक्त करने किसान नेता योगेश तिवारी के नेतृत्व में गांव के किसानों ने बेमेतरा कलेक्टर पदुम सिंह एल्मा को ज्ञापन सौंपा। यहां किसानों ने कलेक्टर को खेतों में पानी भरने से होने वाले नुकसान से अवगत कराया।

इस संबंध में किसान नेता योगेश तिवारी ने कलेक्टर को बताया कि भू-माफि या के खिलाफ कई बार शिकायत किए जाने के बावजूद आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। भू-माफिया के द्वारा नाले पर अवैध कब्जे से गांव के किसानों को खासा नुकसान उठाना पड़ रहा है । इस संबंध में क्षेत्र के तहसीलदार, एसडीएम, कलेक्टर से लेकर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से शिकायत के बावजूद आज तक भू.माफिया पर कोई कार्रवाई नहीं हुई है। भू-माफिया के द्वारा नाले में कब्जा करने के कारण खेतों में 5 से 6 फीट पानी भरने से फसल चौपट हो रही है। प्रशासन से बार-बार गुहार लगाए जाने के बावजूद कोई अधिकारी सुध लेने को तैयार नहीं है।

नाले पर कब्जा, किसानों के खेतों में भर रहा पानी

किसानों ने बताया कि बन्दोबस्त सन् 1983.84 में त्रुटि करके उक्त जमीन को दूसरे किसानों के नाम से दर्ज कर दिया गया । जिस खसरा नंबर में उक्त जमीन को त्रुटि कर चढ़ाया गया। उस जमीन का बिक्री 2 से 3 बार हो गया है। पहले के किसानों द्वारा नाले रूप में छोड़कर ही खेत को ही काबिज किया जाता रहा है। वर्तमान में बेरला निवासी भू-माफि या ने लगभग 500 मीटर लंबा नाले को खरीदा है। जो कि सोरला सरहद में है। यहां नाले पर कब्जा करने के कारण खेतों में पानी भरा है। जिससे फसल नुकसान हो रहा है । इसलिए क्षतिपूर्ति की मांग को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया है।

गांव के प्रभावित किसानों ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

इस दौरान रूपेश साहू, रामचंद साहू, मिश्री लाल, हेमकुमार, खुमारा प्रसाद शर्मा, दूसहराम, किसुनराम रामकुमार साहू, गयाराम, खिलेश्वर साहू, रिवेश साहू वीरेंद्र साहू, मुकेश कुमार, गणेश, अजय मिश्रा, पीयूष शर्मा, मनोज पटेल, शिवम दीवान, तुषार राजपूत, मनोज बंजारे, केशलाल साहू, राजेश साहू, मनोज यदू, मुकेश कुमार साहू, टाकेश्वर, टेकू यदु, लोचन साहू, पवन साहू, माखन साहू, धनेशराम साहू, रितेश साहू, रामानद मरकाम, संतोष, मनीष ठाकुर, अर्जुन निर्मलकर, रामचन्द साहू, रामस्वरूप, डिकेंद, हेमंत साहू समेत अन्य प्रभावित किसान उपस्थित थे।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक नारायण बाईन, द्वारा आसमा पब्लिसर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड,जयस्तंभ चौक रायपुर से मुद्रित कर मेडरमार कालोनी, जिला-रायगढ़ (छत्तीसगढ़) से प्रकाशित।
संपादक -**नारायण बाईन,** फोन -फैक्स 07766299001, मो, 9479177711, 7489419194 Email-joharchhattisgarh@gmail.com, joharchhattisgarh@yahoo.co.in